UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-223 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) रविवार 26 जुलाई 2026 | youngbharatE-paper.com

# जालौन अब बीहड़ नहीं, विकास और विरासत की पहचान बना, 1273.96 करोड़ की 374 परियोजनाओं की सौगात से बदलेगी जिले की तस्वीर : मुख्यमंत्री

## नकल माफियाओं पर होगी कठोर कार्रवाई, सपा और कांग्रेस अभी बरसे योगी



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक





( यंग भारत न्यूज )


**उरई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित विशाल जनसभा में तयग्रामीण), प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान भारत योजना, कृषि एवं पशुपालन विभाग सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, आवास की चाबी, ऋण स्वीकृति, सोलर रूफटॉप स्वीकृति, कृषि यंत्र, गोल्डन कार्ड एवं अन्य सहायता सामग्री वितरित की। वहीं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के खातों में 13 करोड़ 14 लाख 30 हजार रुपये की सीसीएल, आरएफ एवं सीआईएफ धनराशि हस्तांतरित कर महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को नई मजबूती प्रदान की।मुख्यमंत्री ने बटन दबा कर जनपद जालौन को 1273.96 करोड़ रुपये की लागत वाली 374 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इनमें 216 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 158 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, विद्युत, नगर विकास, पुलिस एवं राजस्व विभाग से जुड़ी अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में जिन प्रमुख विकास कार्यों को गति मिली उनमें उरई तहसील का नवीन भवन, पुलिस लाइन में टाइप-ए एवं टाइप-बी आवासीय भवन, मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट, नगर पालिका कालपी की पेयजल योजना, ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर, राठ-कालपी-मदारीपुर मार्ग का सुदृढ़ीकरण, उरई-इटौरा मार्ग का चौड़ीकरण, जालौन देवी मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों का चौड़ीकरण, कालपी अग्निशमन केंद्र के भवन, उरई तहसील परिसर में एनआईसी भवन, हाईटेक नर्सरी की स्थापना तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए जनपद जालौन की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को नमन किया। उन्होंने जालौन माता मंदिर, बैरागढ़ स्थित मां शारदा मंदिर, महर्षि वेदव्यास की जन्मभूमि तथा ऋषि जलवान की तपोभूमि का स्मरण करते हुए कहा कि यह भूमि वीरता, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की प्रतीक रही है। महारानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे एवं नाना साहब पेशवा के संघर्षों से जुड़ी यह धरती देश के गौरवशाली इतिहास की साक्षी है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कालपी का हस्तनिर्मित कागज, विश्व प्रसिद्ध मटर तथा ओडीओपी योजना के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि कालपी के हैंडमेड पेपर को जीआई टैग मिलने के बाद उसका निर्यात ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका, जर्मनी और जापान सहित अनेक देशों में हो रहा है, जो जालौन के लिए गौरव की बात है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एक समय बुंदेलखंड सूखा, पलायन, बीहड़ और दस्यु गतिविधियों के कारण जाना जाता था, लेकिन आज डबल इंजन सरकार के प्रयासों से यह क्षेत्र विकास का नया मॉडल बन चुका है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे, प्रस्तावित औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक कॉरिडोर, ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर, सोलर ऊर्जा परियोजनाओं तथा सिंचाई योजनाओं ने पूरे क्षेत्र को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि देश का पहला सोलर एक्सप्रेस-वे बुंदेलखंड में विकसित हो रहा है, जिससे लगभग एक लाख घरों को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार जालौन को औद्योगिक, कृषि एवं निवेश के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग एवं लॉजिस्टिक कॉरिडोर, फ्यूचर रेडी इंडस्ट्रियल टाउनशिप, डाटा सेंटर क्लस्टर तथा एमएसएमई आधारित उद्योगों के माध्यम से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे पलायन पर प्रभावी रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि नून नदी के पुनर्जीवन, अमृत सरोवरों के निर्माण, गो-संरक्षण, ग्रामीण विकास, पेयजल योजनाओं तथा कृषि आधारित परियोजनाओं ने जालौन को विकास के नए मानक स्थापित करने वाला जनपद बनाया है। रंगोली ग्राम पंचायत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रदेश की पहली ऐसी ग्राम पंचायत बनी है जिसने जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त कर गरीबी उन्मूलन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। मा0 मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। माफिया, संगठित अपराध एवं नकल माफिया के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में माफिया के लिए अब सिर्फ दो ही जगह बची हैं- जेल या जहन्नुम। नकल माफिया भी नहीं बचेंगे। उनकी संपत्ति जब्त होगी, 10 साल तक जेल और 10 करोड़ रुपए तक जुर्माने का प्रावधान किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड को डकैत और माफिया के डर से निकालकर विकास की नई पहचान दी है। मुख्यमंत्री नेसपा और कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहाकिपहलेशाम होते ही बुंदेलखंड में लोगों की आवाजाही बंद हो जाती थी और डकैतों का आतंक शुरू हो जाता था। आज डबल इंजन की सरकार ने कानून व्यवस्था मजबूत कर पूरे क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ दिया है। उन्होंने कहा सपा के शासन में बहू बेटियों शाम को घर से निकलने से डरती थी व्यापारी लुटने अपहरण होंडा टैक्स से परेशान रहता थाद्य नौकरियां निकलते थे तो चाचा भतीजे की टोली वसूली को निकल पड़तीद्य अब ज्यादातर माफिया जहन्नुम भेज दिए हैं या जेल में है अब बहू बेटियों और व्यापारियों को परेशान करने में बदमाशी करते हैं यह बीजेपी का शासन है यहां सब चंगा हैमुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड में 56 हजार एकड़ क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इसकी कनेक्टिविटी में जालौन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि झांसी लिंक एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, फ्यूचर रेडी इंडस्ट्रियल टाउनशिप और डाटा सेंटर क्लस्टर जैसी परियोजनाएं लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने संगठित अपराध और माफिया के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। अब तक 600 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की जा चुकी है। उन्होंने कहा, 'हमने कहा था माफिया मिट्टी में मिलेंगे और आज वे मिट्टी में मिल रहे हैं। मा0 मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के मा0 प्रधानमंत्री जी ने नकल माफिया के खिलाफ सख्त कानून लाने का फैसला किया है। जो छात्र-युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करेगा, उसे 10 साल तक जेल और 10 करोड़ रुपए तक जुर्माना भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में कार्रवाई शुरू हो चुकी है। पिछले 48 घंटे में 47 अधिकारियों को बर्खास्त किया गया, कई लोगों को जेल भेजा गया और उनकी संपत्तियों की जांच शुरू हो गई है और नीट पेपर लीक मामले में किसी भी दोषी को सरकार बख्सेगी नही। हमारे देश के मा0 प्रधानमंत्री ने जो रात्रि में वीडियो नीट परीक्षा से संबंधित डाला है उसके लिए प्रदेश की जनता स्वागत करती है। देश में यशस्वी प्रधानमंत्री है तभी आज सब संभव हैं। हमारी सरकार हो या संगठन दोनों जगहों पर महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है। इस जनपद में तो भाजपा की जिलाध्यक्ष महिला है इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा। मा0 मुख्यमंत्री जी ने मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से गरीब, किसान, महिला और युवाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। अब सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रहा है, जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। मा0 मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जनपद जालौन को 1273.96 करोड़ रुपये की लागत वाली 374 विकास परियोजनाओं की सौगात मिली है, जिनमें 216 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 158 परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। इन परियोजनाओं में ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर, मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट, पुलिस लाइन के आवासीय भवन, कालपी पेयजल योजना, उरई-इटौरा मार्ग का चौड़ीकरण, मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सड़क एवं पुल निर्माण सहित अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्य शामिल हैं।मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास और सरकार की प्रतिबद्धता के कारण जालौन निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित जालौन, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की मजबूत आधारशिला बनेगा और विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, विधान परिषद सदस्य बाबूलाल तिवारी, भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर शाहू, भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य बाबा बालक दास, गो सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर, जालौन डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के सभापति बृजभूषण सिंह (मुन्नू), अपना दल के अध्यक्ष अनिल कुदारी, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष रविंद्र श्रीवास्तव, नगरपालिका परिषद उरई की अध्यक्ष गिरजा चौधरी, नगरपालिका परिषद कोच के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, नगरपालिका परिषद जालौन के अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल, कालपी के अध्यक्ष अरविंद यादव, केंद्र सरकार पूर्व मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, पूर्व विधायक केशव सिंह सेंगर, पूर्व विधायक संत राम सिंह सेंगर, पूर्व विधायक अरुण मल्होत्रा, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, क्षेत्र मंत्री संजीव उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष उदयभान पालीवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश तिवारी, मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## योगी ने बढ़ा दिया विनोद चतुर्वेदी का कद

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कालपी के विधायक विनोद चतुर्वेदी की दिल से सराहना करते हुए कहा कि चतुर्वेदी जी ने मुझ से खुल कर कहा था कि हम अपने जनपद के विकास के साथ है इसलिए वह सरकार के साथ रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बुंदेलखंड के तीसरे दौरे पर अपने ग्रह जनपद में भी स्वतंत्र देव नदारत रहे।

## हम साया मंत्री का बुंदेलखंड के दौरे पर ना रहे बना चर्चा का विषय

अनिल शर्मा +संजय श्रीवास्तव
(यंग भारत न्यूज़)



**उरई** । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हम साया और बुंदेलखंड कटेके टैबलेट के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह बुंदेलखंड केहर दौरे में मुख्यमंत्री के साथ थे । पिछले तीन दौरों मंत्री स्वतंत्र देव का साथ ना रहना लोगों में चर्चा का विषय बन गया है । मालूम हो कि बीती ,20 जून को योगी आदित्यनाथ ललितपुर केदौरे पर आए थे लेकिन मंत्रिमंडल के गठन के बाद यह पहला मौका था जब मुख्यमंत्री के हमसाया माने जाने वाले जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उनके साथ नहीं थी । विश्व एक दिवस पर मुख्यमंत्री झांसी आए तब भी को अपने साथ नहीं लाए थे। इसके बाद 8 जुलाई को उनके चित्रकूट के दौरे और 9 जुलाई को बांदा के दौरे पर उनके साथ ना रहना लोगों को अचंबे में डाल गया । हैरानी की बात यह रही कि आज जब मंत्री के गृह जनपद माने जाने वाले जालौन जिले में जब मुख्यमंत्री का दौरा हुआ तब भी जल शक्ति मंत्री के साथ ना रहना लोगों मैं चर्चा का विषय बन गया मालूम कि जल शक्ति मंत्रालय 28000 करोड़ की हर घर में नल से जल योजना बुंदेलखंड में चल रही है लेकिन बुंदेलखंड के 70% से अधिक गांव में अभी तक लोगों के घरों में जल्द से जल्द नहीं पहुंचा है। जिसको लेकर के समय-समय पर ग्रामीण ग्राम प्रधान विभिन्न जिलों की आवाज उठाते रहे। लगभग तीन-चार महीने पहले सरकारी के भाजपा विधायक भूषण सिंह राजपूत प्रधानों के साथ इस मुद्दे को लेकर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का रास्ता रोक लिया था। जोचर्चा का विषय बन गया था । इसके बाद भाजपा के पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की थी कि उन्होंने जिस प्रकार राम मंदिर में हुई दान की चोरी के लिए एसआईटी गठित की है इसी तरह बुंदेलखंड में जल शक्ति मंत्रालय में प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट हर घर को नलसेजल देने के मामले में हुए भारी भ्रष्टाचार की जांच के लिए एस आई टी का गठन करें. उधर ग्राम चमड़ी में आयोजित जल अर्पण समारोह में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं एवं जल शक्ति मंत्रालय के प्रमुख सचिव वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने पत्रकारों से स्वीकार किया जालौन जिले में ठीक ढंग से काम नहीं हुआ इसलिए कंपनी और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। यह पूछे जाने पर इतने पूर्वांचल के 27जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है वैसी कार्रवाई बुंदेलखंड के भ्रष्टाचारियों के खिलाफ क्यों नहीं हुए पर उन्होंने कहा और खराब काम कर रहे कंपनियों और ठेकेदारों के खिलाफ थी कार्रवाई हो रही है और जनता के सामने आए गी उधर जल शक्ति मंत्री के पुत्र अभिषेक राजा का एक फर्जी खेल संस्था का पदाधिकारी बनाए जाने का मामला भी लखनऊ और दिल्ली के न्यूज़ चैनलों में सुर्खियों में है। चर्चा हैकि मुख्यमंत्री इन्हीं सभी कारणों से जल शक्ति मंत्री और अपने कभी सबसे चाहते मंत्री रहे स्वतंत्र देव सिंह से इन दिनों दूरी बनाए नजर आया है । जो पूरे बुंदेलखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता में चर्चा का विषय बना हुआ ।

## जल शक्ति मंत्रालय का भ्रष्टाचार और उरई से लेकर प्रदेश भर में मीडिया में चल रहीं निगेटिव खबरों का रहा तगड़ा असर

## 'छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों की संपत्ति होगी जब्त, परीक्षा माफियाओं को भेजेंगे जेल', पेपर लीक पर सीएम योगी का सख्त संदेश

( यंग भारत न्यूज )



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को फतेहपुर दौरे के दौरान युवाओं और छात्रों की सुरक्षा व उनके बेहतर भविष्य को लेकर सरकार का संकल्प दोहराया। जिले को 489 करोड़ रुपये से अधिक की 125 विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए सीएम योगी ने साफ किया कि राज्य में परीक्षा में धांधली या पेपर लीक कराने वाले माफियाओं के लिए कोई जगह नहीं है।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार पहले दिन से ही छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि जो भी भू-माफिया या परीक्षा माफिया युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा, उसकी जगह केवल जेल होगी। सरकार ऐसे अपराधियों की संपत्ति जब्त करने से भी पीछे नहीं हटेगी। सीएम ने केंद्र सरकार द्वारा परीक्षा में धांधली रोकने के लिए लाए जा रहे कड़े कानून और 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' की खुलकर तारीफ की और कहा कि इससे भारतीय युवाओं को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। अपनी सरकार के कामकाज का ब्योरा देते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कड़े नियमों और पारदर्शिता के कारण ही राज्य सरकार अब तक नौ लाख से अधिक युवाओं को निष्पक्ष तरीके से सरकारी नौकरी दे सकी है। उन्होंने पिछली सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले केवल भ्रष्टाचार, दंगे और ठेकेदारी का बोलबाला था, जिससे युवाओं का हक मारा जाता था। फतेहपुर में हुए विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज जिले में मेडिकल कॉलेज और आधुनिक स्कूल बन चुके हैं। 'एक जिला, एक उत्पाद' योजना के जरिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य जारी रहेंगे और फतेहपुर के युवा हर क्षेत्र में जिले का नाम रोशन करेंगे।

# हस्तनिर्मित भारत के मानचित्र के माध्यम से उपस्थित लोगों को पूरे देश का रोचक और ज्ञानवर्धक परिचय कराया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय नैनपुरा के एक छात्र ने अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया। कि मौजूद अधिकारी, शिक्षक और आमजन उसकी सराहना किए बिना नहीं रह सके। कक्षा पांच के छात्र अनुरुद्ध प्रजापति ने धाराप्रवाह अंग्रेजी में अपना परिचय देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद उसने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेनू पाल द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित भारत के मानचित्र के माध्यम से उपस्थित लोगों को पूरे देश का रोचक और ज्ञानवर्धक परिचय कराया।



कार्यक्रम के दौरान अनुरुद्ध ने आत्मविश्वास के साथ सबसे पहले अंग्रेजी में अपना इंट्रोडक्शन दिया। इसके बाद उसने भारत के मानचित्र पर एक-एक राज्य को इंगित करते हुए उनकी राजधानियों, स्थानीय भाषाओं और वहां प्रचलित अभिवादन शब्दों की जानकारी दी। छात्र ने उत्तर प्रदेश से लेकर तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों के बारे में सहज और प्रभावशाली ढंग से जानकारी प्रस्तुत की। उसकी प्रस्तुति ने वहां मौजूद लोगों को प्रभावित कर दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेनू पाल द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित भारत के मानचित्र ने भी लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस मानचित्र के माध्यम से छात्र ने भारत की सांस्कृतिक विविधता, भाषाई समृद्धि और राष्ट्रीय एकता का संदेश भी दिया। उपस्थित लोगों ने छात्र के आत्मविश्वास, उच्चारण और सामान्य ज्ञान की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यदि उन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे किसी भी मंच पर अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। अनुरुद्ध की प्रस्तुति इसी का उदाहरण है। प्रधानाध्यापिका रेनू पाल ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर व्यवहारिक ज्ञान, भाषा कौशल और सामान्य ज्ञान पर भी विशेष रूप से कार्य कराया जाता है। इसी प्रयास का परिणाम है कि अनुरुद्ध ने इतने बड़े मंच पर पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुति देकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी, आशीष आनंद, अनंतराम आदि रहे।

# मुख्यमंत्री की सभा!पुलिस प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेताओं को एहतियातन कोतवाली में बैठाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेताओं को एहतियातन कोतवाली में बैठाए रखा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के संपन्न होने और उनके जनपद से रवाना होने के बाद सभी को छोड़ दिया गया।

शनिवार को मुख्यमंत्री का जनपद मुख्यालय में विभिन्न विकास परियोजनाओं एवं जनसभा से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तावित था। वीआईपी दौरे को देखते हुए प्रशासन पहले से ही पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने संभावित विरोध प्रदर्शन या किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए समाजवादी पार्टी से जुड़े कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं को उनके घरों से बुलाकर कोतवाली में बैठा लिया। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान कोतवाली परिसर में ही रखा गया। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह एहतियात के तौर पर की गई है ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। मुख्यमंत्री के जनपद से रवाना होने के बाद सभी लोगों को बिना किसी कार्रवाई के छोड़ दिया गया। इस दौरान कोतवाली में जाकिर सिद्दीकी, आसिब मंसूरी सेसा, सिद्दीकी, इकबाल मंसूरी, बाबू, अनिल प्रजापति, भूरे कुरैशी, सुहैल सिद्दीकी, इशाक मंसूरी, चुन्ना, मकबूल सिद्दीकी आदि रहे।

# रोडवेज बसों में महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा सुविधा लागू किए जाने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक राहत और आवागमन में सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर नगर निवासी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने रोडवेज की बसों में महिलाओं के लिए नि:शुल्क यात्रा सुविधा लागू किए जाने की मांग की है।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने कहा कि प्रदेश की बड़ी संख्या में महिलाएं प्रतिदिन शिक्षा, रोजगार, उपचार, सरकारी कार्य, स्वरोजगार और पारिवारिक आवश्यकताओं के लिए रोडवेज बसों से यात्रा करती हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यमवर्गीय परिवारों की महिलाओं के लिए यात्रा का खर्च अतिरिक्त बोझ बन जाता है। यदि महिलाओं को रोडवेज बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाए तो उन्हें आर्थिक राहत मिलने के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर भी मिलेगा। महिलाओं की सुरक्षित और सुलभ आवाजाही बढ़ने से उनकी शिक्षा, रोजगार और स्वावलंबन को भी नई गति मिलेगी। साथ ही दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। उन्होंने जनहित और महिला कल्याण को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिलाओं के लिए नि:शुल्क यात्रा सुविधा लागू करने की मांग की है।

# शिक्षिका पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने के आरोप में कॉलेज प्रबंधक गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**मुजफ्फरनगर ।** मुजफ्फरनगर जिले में एक सरकारी सहायता प्राप्त महिला इंटर कॉलेज के प्रबंधक को एक नवनियुक्त शिक्षिका पर शारीरिक संबंध बनाने का कथित तौर पर दबाव डालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीड़ित शिक्षिका द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना उस समय की है जब वह अपनी नियुक्ति के बाद संबंधित औपचारिकताएं पूरी करने कॉलेज के कार्यालय गई थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) सुनील कुमार ने बताया कि नयी मंडी थाने में मामला दर्ज किए जाने के बाद आरोपी अरविंद कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।




# जन अधिकार पार्टी द्वारा नीट परीक्षा के लीक होने व प्रदर्शनकारियो पर लाठी चार्ज पर जताया विरोध

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** जन अधिकार पार्टी द्वारा नीट एवं अन्य परीक्षाओं के लीक होने के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे छात्रों के ऊपर बर्बरता से लाठी चार्ज, मुक़दमे दर्ज कराने के विरुद्ध राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा है।



जन अधिकार पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुंदर सिंह कुशवाहा एवं मंडल सचिव ब्रजमोहन कुशवाहा के संयुक्त नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सतेंद्र गुप्ता को सौंपकर बताया कि नीट एवं अन्य परीक्षाओं के लीक होने के मामले में देश के कोने कोने में किए जा रहे प्रदर्शनों में सरकार द्वारा बर्बर कार्यवाही की जा रही है। जिसकी जन अधिकार पार्टी निंदा करती है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से छात्रों के ऊपर दर्ज किए गए मुकदमों को वापस लेने, गिरफ्तार किए छात्रों को अविलंब रिहा किए जाने, प्रदर्शन के दौरान मृत छात्रों को पांच पांच करोड़ रुपया मुआवजा और घायल छात्रों के इलाज के निशुल्क और समुचित इलाज की व्यवस्था के साथ ही घायलों को पांच लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री धमेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की। इस मौके पर जिला महासचिव मोहन सिंह कुशवाहा, युवा जिला अध्यक्ष लालसिंह, अनुरोध सिंह, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हरीसिंह कुशवाहा, चंद्रभान सिंह, शत्रुघ्न सिंह, हरमंद्र सिंह, एड. ब्रजेश कुमार वर्मा, मलखान सिंह, खचेरे कुशवाहा, विशाल सिंह, मुकेश कुशवाहा, अमित कुशवाहा, रोहित सिंह, हरिनंदन सिंह, श्याम बिहारी, नीरज कुमार, मोनू कुशवाहा, एड. गोविंद प्रसाद, कृष्णपाल, रामप्रकाश आदि रहे।

# ब्रेकर पर अनियंत्रित हुई बाइक से महिला गिरी

## -घायल महिला को सीएचसी मे भर्ती कराया गया

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** क्षेत्र में शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई ।ग्राम लहचूरा और खनुआ के बीच स्थित ब्रेकर पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी। घायल महिला को परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरो ने उनका उपचार किया ।जानकारी के अनुसार रामरती उम्र 55 वर्ष पत्नी लोटन मिस्त्री निवासी ग्राम अटा साकिन थाना समथर अपने पुत्र सुरेंद्र उम्र 25 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी में ग्राम राजा सीकरी गई थीं। वहां उनकी बुआ सास का निधन हो गया था उन्ही के दाह संस्कार में शामिल होने के बाद दोनों घर लौट रहे थे ।तभी ग्राम लहचूरा और खनुआ के बीच सड़क पर बने ब्रेकर से गुजरते समय बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर गिर गई ।हादसे में रामरती सड़क पर गिरने से घायल हो गईं, जबकि बाइक चला रहा उनका पुत्र सुरक्षित बताया जा रहा है। संयोग से उनके पीछे अन्य रिश्तेदार भी आ रहे थे। उन्होंने तुरंत घायल महिला को संभाला और एंबुलेंस अथवा निजी वाहन की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया ।सीएचसी में उपस्थित चिकित्सकों ने रामरती का प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर है और आवश्यक चिकित्सकीय देखरेख में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने वाहन चालकों से ब्रेकर के पास गति नियंत्रित रखने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# स्व. फूलन देवी की पुण्यतिथि पर पैतृक गांव में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई ।** शनिवार को समाजवादी पार्टी की पूर्व सांसद स्व. फूलन देवी की पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव शेखपुर गुड़ाखास स्थित भैरव बाबा मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने स्व. फूलन देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रुक्मणी निषाद द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव महेश कश्यप रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपराज गुर्जर ने की।

गांव में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुये क्षेत्र के सांसद के प्रतिनिधि राजू अहिरवार ने स्व. फूलन देवी के संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा वंचित एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए किए गए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामपाल, सांसद प्रतिनिधि राजू अहिरवार, अमर सिंह चंदेल, विधानसभा अध्यक्ष विजय कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, महेश शिरोमणि, महेश विश्वकर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष कदौरा संजय निषाद, नगर अध्यक्ष कालपी अजीत सिंह यादव, रोहित वर्मा, उबैश पठान, दानिश समाजवादी, रामखिलावन यादव, धर्मेंद्र दोहरे, अखिलेश निपानिया, रामसनेही यादव, सोनू यादव, अभिषेक यादव, मोहन लाल पाल, रिंकू मिझौंना, गंभीर निषाद, प्रधान रामबाबू निषाद सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# अज्ञात चोर पशुबाड़े में घुसकर भैंस पडिया ले गए

## पीड़ित ने की पुलिस से शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम लौना में अज्ञात चोरों ने एक पशुबाड़े में घुसकर भैंस और उसकी पड़िया चोरी कर ली। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर चोरी गए पशुओं की बरामदगी की मांग की है ।पीड़ित राहुल पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम लौना ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि परिवार में एक रिश्तेदार की मृत्यु तथा अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों के चलते वह अपने पशुबाड़े पर नियमित रूप से नहीं पहुंच सका। 24 जुलाई की रात करीब 12 बजे वह पशुबाड़े पर पहुंचा और भैंस व उसकी पड़िया को वहाँ पर बांध दिया। इसके बाद वह वापस घर चला गया ।पीड़ित के ने बताया 25 जुलाई की सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच अज्ञात चोर पशुबाड़े से उसकी भैंस और पड़िया चोरी कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर उसने आसपास काफी तलाश की लेकिन चोरी गए पशुओं का कोई पता नहीं चला ।घटना से पीड़ित परिवार को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। राहुल ने कोतवाली पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जल्द से जल्द भैंस और पड़िया बरामद करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पंजाब की लेडी इंस्पेक्टर बोली- एसआई ने मेरा रेप किया : न्यूड वीडियो भी बनाया, पिस्टल तानी; 3 बार अबॉर्शन, ब्लैकमेल कर तलाक भी कराया

**लुधियाना ।** यह आरोप लुधियाना में लेडी इंस्पेक्टर ने सब इंस्पेक्टर (एसआई) साहिबमीत सिंह पर लगाए हैं। लेडी इंस्पेक्टर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा- साल 2023 में इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। जब बात आगे बढ़ी तो आरोपी सब-इंस्पेक्टर ने मुल्लांपुर मिलने बुलाया।

यहां पर होटल में नशीला पदार्थ पिलाया और बेहोशी की हालत में पहली बार रेप किया। फिर अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करता रहा। लेडी इंस्पेक्टर ने कहा कि वह आरोपी की हरकतों से पूरी तरह टूट गई थी। इसके बाद आरोपी सब इंस्पेक्टर की मां को उसने रो-रोकर अपनी पूरी कहानी बताई, तो आरोपी की मां ने अपने बेटे का साथ देते हुए बात को दबाने की कोशिश की और कहा कि शोर मचाने या पुलिस के पास जाने की जरूरत नहीं है, मैं तुम दोनों की शादी करवा दूंगी। इंस्टाग्राम पर दोस्ती और धोखे से मुल्लांपुर बुलाना: लेडी इंस्पेक्टर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि मामले की शुरूआत साल 2023 से हुई। उसकी मुलाकात इंस्टाग्राम के जरिए आरोपी सब इंस्पेक्टर साहिबमीत सिंह से हुई थी। साहिबमीत सिंह लुधियाना के फिरोजपुर रोड स्थित सुंदर नगर (डी-मार्ट के पीछे) का रहने वाला है। इंस्टाग्राम पर बातचीत बढ़ने के बाद दोनों के बीच जान-पहचान हो गई। नवंबर 2023 में आरोपी सब इंस्पेक्टर ने लेडी इंस्पेक्टर को मिलने के लिए मुल्लांपुर बुलाया। आरोपी उसे चाय-पानी पिलाने के बहाने मुल्लांपुर के 'ग्रैंड मैरीविला' ले गया। वहां आरोपी ने प्लानिंग के तहत पीड़िता को पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक दी। नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश किया, फिर रेप: लेडी इंस्पेक्टर ने शिकायत में कहा कि कोल्ड ड्रिंक पीते ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह पूरी तरह से बेहोश हो गई। आरोपी ने बेसुध हालत का फायदा उठाकर उसकी इच्छा के खिलाफ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। घटना के करीब 2 घंटे बाद जब पीड़िता को होश आया, तो उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे। पीड़िता को समझ आ गया कि उसके साथ गलत काम हुआ है। जब उसने आरोपी सब इंस्पेक्टर साहिबमीत से इस बारे में सवाल किया और विरोध किया, तो आरोपी अपने असली रूप में आ गया। आरोपी ने अश्लील वीडियो बनाई: पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि आरोपी सब इंस्पेक्टर ने उसको बताया कि जब वह बेहोश थी, तब उसने अपने मोबाइल कैमरे से उसकी अश्लील वीडियो और तस्वीरें बना ली हैं। आरोपी ने साफ धमकी दी है कि अगर तुमने पुलिस में शिकायत की या शोर मचाया, तो यह अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पिस्टल दिखाकर दी जान से मारने की धमकी: जब लेडी इंस्पेक्टर ने इसका कड़ा विरोध किया, तो आरोपी सब इंस्पेक्टर ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकाल ली और पीड़िता पर तानकर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने अपनी इज्जत का वास्ता देते हुए उससे वीडियो डिलीट करने की बहुत मिन्नते कीं, लेकिन आरोपी ने उसकी एक न सुनी। ब्लैकमेलिंग का खेल और बार-बार शारीरिक शोषण: लेडी इंस्पेक्टर ने कहा कि अश्लील वीडियो अपने पास होने का फायदा उठाकर आरोपी सब इंस्पेक्टर ने मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करना शुरू कर दिया। वह जब चाहता, ब्लैकमेल करके अलग-अलग जगहों पर बुलाता और वीडियो वायरल करने का डर दिखाकर उसके साथ बार-बार रेप करता। वह अपनी सामाजिक इज्जत और नौकरी की वजह से डर के मारे आरोपी का यह जुल्म सहने पर मजबूर रही। पति को वीडियो भेजने की धमकी देकर करवाया तलाक: लेडी इंस्पेक्टर ने कहा कि 2022 में उसकी शादी हुई थी। आरोपी सब इंस्पेक्टर साहिबमीत ने उसकी शादीशुदा जिंदगी भी खराब की।

# अक्षिता ने नीट बाजी मारकर नगर का नाम रोशन किया

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** चिकित्सक माता-पिता की होनहार बेटी भी अब डॉक्टर बनने जा रही है। प्रतिष्ठित नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर अक्षिता सिंह ने माता-पिता और नगर का नाम रोशन किया है ।नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. केशव नाथ सिंह और डॉ.अभिलाषा सिंह की होनहार बेटी अक्षिता सिंह ने 2026 की नीट परीक्षा में 577 अंक प्राप्त किए हैं। उसने 2022 में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल उरई से हाईस्कूल 96 प्रतिशत अंकों के साथ तथा साल 2024 में उसी स्कूल से इंटरमीडिएट 92.8 फीसदी के साथ उत्तीर्ण की। नीट की तैयारी अक्षिता ने एलेन कोटा से करके अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उसकी इस सफलता पर बधाइयों का तांता लगा है। परिजनों और नाते-रिश्तेदारों ने अक्षिता का मुंह मीठा कराते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यालय अधीक्षक मथुरा प्रसाद महाविद्यालय सुनील कुमार सिंह, अनुराधा, राघवेंद्र सिंह निरंजन किशुनपुरा, शैलजा आदि ने उसे बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शराब के नशे में युवक द्वारागेट पर पत्थर फेंकने की शिकायत पुलिस से की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** शराब के नशे में युवक द्वारा एक व्यक्ति के साथ अभद्रता करने एवं गेट पर पत्थर फेंकने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कछोरन निवासी रामदास ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही राजकुमार उसके परिवार से रंजिश मानता है। आए दिन शराब के नशे में अभद्रता करता रहता है। शांति बनाए रखने के लिए वह शांत रहते हैं। आरोप लगाया कि शनिवार की सुबह वह शराब के नशे में उसके घर के बाहर आया और गाली, गलौज करने लगा। जब उसने समझाना चाहा तो अभद्रता करने लगा। उसकी अभद्रता को देखकर वह घर के अंदर चले गए तो वह गेट पर पत्थर मारने लगा। जब मोहल्ले के लोगों ने डांटा तो वह भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# वीरांगना फूलन देवी के पैतृक गांव में सपाइयों ने मनाई पुण्यतिथि

## भैरव बाबा मंदिर पर बड़ी बहिन रुक्मणी ने कराया श्राद्ध भंडारे का आयोजन



( यंग भारत न्यूज )

**उरई जालौन ।** 25 जुलाई |वीरांगना फूलन देवी के सहादत दिवस पर समाजवादी पार्टी जनपद जालौन के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर सहित तमाम नेता व कार्यकर्ता उनके पैतृक गांव गुढ़ा खास पहुंचे और वीरांगना फूलन देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं भैरव बाबा मंदिर पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व मंत्री श्रीराम पाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया मुलायम सिंह यादव ने वीरांगना फूलन देवी को गांव से दिल्ली तक पहुंचा कर निषाद समाज का सम्मान बढ़ाया है। विधानसभा चुनाव 2027 में निषाद समाज को सपा संस्थापक श्रद्धेय नेता जी मुलायम सिंह यादव के सुपुत्र अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर उऋण होना चाहिए।? समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही एक ऐसे नेता है जो सभी जाति वर्ग का समान रूप से सम्मान करते हैं और उन्होंने पीडीए बनाकर हर समाज वर्ग को जोड़ने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रदेश से भाजपा की सरकार को भगाना है और अपना हक अधिकार पाना है तो पीडीए को एक साथ मिलकर सपा को वोट देना होगा। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अध्यक्ष झांसी महेश कश्यप ने कहा कि समाजवादी पार्टी निषाद समाज की असली हितेषी हैं। वहीं निषाद समाज का भला कर सकती है इसलिए निषाद समाज को एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निषाद समाज में भी कई नेता ऐसे हैं जो चंदा का धंधा कर रहे हैं। समाज को ऐसे नेताओं से सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा कि निषाद समाज के युवा की दुर्घटना में मौत पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ही सहायता राशि दी । किसी भी भी पार्टी ने सहयोग नहीं किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में वीरांगना फूलन देवी का सहादत दिवस मना रही है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर फूलन देवी के नाम पर योजना संचालित की जायेंगी, महिलाओं को चालीस हजार रूपए पेंशन मिलेगी ,के जी से पीजी तक की पढ़ाई फ्री होगी । उन्होंने कहा कि वे वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि से लेकर जन्मतिथि तक निषाद समाज को समाजवादी पार्टी में जोड़ने का अभियान चलाएंगे । वीरांगना फूलन देवी की बड़ी बहिन व समाजवादी पार्टी की महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रुक्मणी निषाद ने कहा कि भैरव बाबा मंदिर वहीं स्थान है जहां से छोटी बहिन वीरांगना फूलन जब गोली चला रही थी और कह रही थी की दीदी तुम क्यों आ गई हो ? तुम्हे डर नहीं लगा। मैं पुलिस की घेराबंदी से बचकर अपनी बूढ़ी मां को लेकर यमुना नदी पार करके औरैया पहुंची। इसके बाद सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के पास पहुंची और बहिन फूलन देवी को छुड़ाने की गुहार लगाई तो सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव ने मदद की। उन्होंने कहा कि भैरव बाबा मंदिर फूलन देवी की यादगार का प्रतीक है। सपा सरकार में इस मंदिर परिसर में फूलन देवी की प्रतिमा लगवाई जायेगी। उन्होंने उपस्थित निषाद समाज की महिलाओं व पुरुषों से साफ तौर पर कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक मात्र पार्टी है जो निषाद समाज की हितैषी है। इसलिए समाज को एकजुट होकर विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जिताकर प्रदेश में समाजवादी की सरकार बनाने अपना सहयोग करें। उन्होंने वीरांगना फूलन देवी के सहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करने और विचार गोष्ठी में आये लोगों का आभार व्यक्त करते हुए प्रेम सौहार्द से भंडारे में भोजन कराया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर, पूर्व मंत्री श्री रामपाल, प्रदेश सचिव महेश कश्यप झांसी, पूर्व विधायक चंदौली, अच्छेलाल निषाद, (मुख्य अतिथि) महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रुक्मणी निषाद, मनोज कुमार सिंह, जमालुद्दीन, महेश चंद्र विश्वकर्मा, महेश शिरोमणि, अमर सिंह चंदेल, बबलू नरछा, जीवन प्रताप वाल्मीकि, अजीत यादव, राजकुमार बाल्मीकि, विजय कुशवाहा दशरथ सिंह पाल, रश्मि पाल, रंजना सिंह चौहान सुधा सिंह राजावत ,सायरा बानो, रामकुमार राजावत संजय निषाद सर्वेश पाल, मुकेश सभासद मोहन सिंह पाल, वेद प्रकाश यादव, जीवन प्रताप वाल्मीकि, प्रताप सिंह, बब्बू पाल, शैलेन्द्र श्रीवास, वलवीर कठेरिया, साहिल कठेरिया, मुन्ना अंसारी, आशू पाल आदि मौजूद रहे।

# कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने उठाई कालपी को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने की मांग, हस्तनिर्मित कागज उद्योग को बढ़ावा देने का आग्रह

- मुख्यमंत्री की जनसभा में विधायक विनोद चतुर्वेदी ने रखी मांग, ऐतिहासिक व औद्योगिक पहचान को मिले नई उड़ान
- जीआई टैग मिलने के बाद कालपी का हैंडमेड पेपर ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका, जर्मनी और जापान तक पहुंचा
- विदेशों में बढ़ी है कालपी के कागज की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**उरई/कालपी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने ऐतिहासिक नगरी कालपी को राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन क्षेत्र घोषित किए जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि कालपी का ऐतिहासिक, धार्मिक और औद्योगिक महत्व पूरे देश में विशेष पहचान रखता है। यदि इसे पर्यटन क्षेत्र का दर्जा मिलता है तो यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि पिछले 70 वर्षों में जितना विकास नहीं हुआ, उससे अधिक विकास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिससे प्रदेश के साथ-साथ जालौन जिले का भी तेजी से विकास हुआ है। विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष कालपी के प्रसिद्ध हस्तनिर्मित कागज उद्योग को विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि यह उद्योग कालपी की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक है। यदि इसे आधुनिक तकनीक, विपणन सुविधाएं और सरकारी सहयोग मिले तो यह उद्योग हजारों लोगों के लिए रोजगार का बड़ा माध्यम बन सकता है तथा स्थानीय कारीगरों की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कालपी की गौरवशाली विरासत का उल्लेख करते हुए सूर्य मंदिर और महर्षि वेदव्यास से जुड़े ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कालपी का हस्तनिर्मित कागज अब देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बना चुका है। जीआई टैग मिलने के बाद इसकी वैश्विक मांग बढ़ी है और यहां निर्मित हैंडमेड पेपर ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका, जर्मनी तथा जापान जैसे देशों तक निर्यात किया जा रहा है। इससे स्थानीय कारीगरों और उद्योग को नई पहचान मिली है।

# मां के जन्मदिन पर लगाया हरियाली का उपहार, एआरटीओ ने रोपे 101 पौधे

## डकोर डंपिंग ग्राउंड व सड़क किनारे फलदार, छायादार और पुष्पीय प्रजातियों का पौधरोपण, वन विभाग ने किया सहयोग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) जालौन राजेश कुमार ने शनिवार को अपनी माता श्रीमती सावित्री देवी, पूर्व प्रधानाचार्य पूर्व माध्यमिक विद्यालय हमीरपुर, के जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 101 पौधे रोपे। पौधरोपण 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया गया।

कार्यक्रम डकोर स्थित होल्डिंग एरिया (डंपिंग ग्राउंड) एवं सड़क किनारे आयोजित हुआ। जिला वन अधिकारी और वन रेंजर के सहयोग से फलदार, छायादार और पुष्पीय प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। एआरटीओ राजेश कुमार ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना समय की आवश्यकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसर पर एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो हरियाली बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए भी प्रेरित किया गया।

# चौकी प्रभारी का स्थानांतरण होते ही ग्राम वासियों ने दी भावविनी विदाई

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )** शनिवार को माधौगढ़ कोतवाली बंगरा चौकी प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने लगभग 23 महीना से बांगड़ा चौकी का कार्यकाल संभाला ग्राम वासियों का कहना है कि सुरेंद्र कुमार का रवैया संतोषजनक था कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर आता शांतिपूर्वक सुनकर तुरंत निस्तारण करते शिकायतकर्ता भी संतुष्ट होकर चौकी से जाते और कहते की चौकी प्रभारी सुरेंद्र कुमार शील स्वभाव के व्यक्ति है जो सभी न्याय के प्रति कार्य किया गुंडे मवाली चौकी के आसपास भी नजर नहीं आते थे उनका कहना था कि या तो अपना रवैया बदल दो नहीं तो जेल जाओगे चौकी प्रभारी का स्थानांतरण होने पर ग्राम वासियों के चेहरे पर उदासी छाई आंखों आंसू आए सभी ने विदाई के मौके पर एक दूसरे को गले लगाकर फूल माला पहनकर आंसुओं से इज़हार किया क्या हमारी चौकी प्रभारी जैसा अभी तक इस चौकी में आप जैसा कोई नहीं आया मौके पर सी चंद्रपाल सिंह कृष्ण दत्त तिवारी मनोज कुमार अनूप राजकुमार मयंक नरेश सोलंकी योगेश फौजदार सुधीश कुमार अर्जुन सिंह केदार कुशवाहा वीरू बलवंत सिंह बसेड़िया रवि अहेता समाजसेवी गौरव गुर्जर समाजसेवी शीलू जाटव समाजसेवी अशोक कुमार आशीष करोति राघवेंद्र कोटरा शिवीर राजावत रूरा अमर सिंह मास्टर आटागांव संदीप व्यास रूरा पृधुम्म राजावत भूरे राजावत समाजसेवी व गाववासी क्षेत्रवासीयो ने चौकी पृभारी को दी रो रो कर भावभीनी बिदाई नबातुक्क चौकी प्रभारी अरुण कुमार ने कार्यभार सभाला सभी ने फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाकर बगरा चौकी संभालते ही ग्राम वासियों ने दी बधाई मौके पर समाजसेवी ग्रामवासी क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# सीएम योगी के दौरे से पहले युवजन सभा जिलाध्यक्ष को घर में किया नजरबंद, पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

## रात में चौकी इंचार्ज ने आवास पर पहुंचकर बाहर निकलने से रोका, सिद्धार्थ यादव का आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उरई दौरे के दौरान समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ यादव को कथित तौर पर उनके आवास पर नजरबंद किए जाने का मामला सामने आया है। सिद्धार्थ यादव का आरोप है कि मुख्यमंत्री के आगमन से एक रात पहले जालौन चौकी इंचार्ज मनीष तिवारी पुलिस बल के साथ उनके घर पहुंचे और उन्हें बिना कोई स्पष्ट कारण बताए घर से बाहर न निकलने की हिदायत दी।

सिद्धार्थ यादव ने कहा कि आधी रात को इस प्रकार उनके आवास पर पुलिस की मौजूदगी और उन्हें घर में ही सीमित कर देना लोकतांत्रिक मूल्यों तथा नागरिक स्वतंत्रता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उनका कहना है कि न तो उन्हें किसी मामले की जानकारी दी गई और न ही कोई लिखित आदेश दिखाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी राजनीतिक गतिविधियां संचालित करने के अधिकार का हनन किया गया है। युवजन सभा जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि प्रशासन के पास कोई वैधानिक कारण था तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए था। बिना कारण किसी राजनीतिक कार्यकर्ता को नजरबंद करना लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस मामले को लेकर स्थानीय राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। विपक्षी दलों के कार्यकर्ता इसे राजनीतिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास बता रहे हैं। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। प्रशासन का पक्ष सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

# ग्रामीणों ने डा पर लगाया आरोप, बाजार में बेच देता है सरकारी दवाएं

## इलाज के नाम पर सरकारी दवा अगर किसी मरीज को देता है तो करता है अच्छे खासे पैसे वसूल

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ( जालौन )** तहसील की ग्राम पंचायत रूदपुरा के महेन्द्र सिंह दिनेश सिंह मोहित सिंह आकाश जितेन्द्र सिंह गौरव सिंह गजराज रंजीत सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने एक शिकायती पत्र नवांगंतुक उपजिलाधिकारी मनोज प्रकाश को देते हुए अपने पत्र में लिखा कि हम प्रार्थीगणो के ग्राम मे एक राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल है जहाँ पर डा0 चन्द्रशेखर सोनी कार्यरत है जब भी ग्राम के लोग अपने इलाज हेतु उक्त अस्पताल जाते है। तो सारे सरकारी अस्पतालों मे 1/-रू0 की पर्ची काटी जाती है लेकिन उक्त अस्पताल मे कभी भी पर्ची नही काटते और कहते है कि 1/-रू0मे कही इलाज होता है आप लोग जैसी दवा लेगें वैसे ही आपसे पैसे लगेगें उक्त डाक्टर जब भी इलाज करता है या दवा देता है तो वह अपने मनमाने पैसे वसूल करता है जब हम लोग इसका विरोध करते है तो कहता है कि चाहे जहाँ चले जाओं मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड सकता है। इस तरह की धमकी देता है और उक्त अस्पताल की दवा बाजार में लोगो को सप्लाई करता है और अस्पताल में बैठकर यह लोग ताश व जुआ इत्यादि खेलते है जिसका साक्ष्य प्रार्थीगणो के मोबाइल पर उपलब्ध है। ऐसी स्थिति मे उक्त डा0 के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्यवाही की जाना न्यायहित मे आवश्यक है। एवं भृष्ट डाक्टर को ग्राम से हटाया जाकर किसी अन्य जगह भेजा जायें। प्रार्थीगणो के प्रार्थना पत्र पर अग्रिम कार्यवाही करने की गुहार लगाई गई।

# सड़कों पर बैठे अन्ना गौवंशों के झुण्ड हादसों को दे रहे हैं दावत

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ( जालौन )** माधौगढ तहसील मुख्यालय से बंगरा बस स्टैंड तिराहा सडक मार्ग पर बड़ी संख्या में अन्ना गौवंशों की संख्या आवागमन को बाधित कर देती है ये गौवंश लोगों को गम्भीर हादसे व मौत की खुली चुनौती दे रहे हैं लेकिन जिम्मेदार लोगों की अब तक इस और कोई भी कदम न उठाया जाना चिंता का विषय बना हुआ है। सड़क पर गौवंशों का जमावड़ा हर पल हादसे का चेतावनी दे रहे हैं। खोतों में ज्वार, बाजरा तिलहन अरहर और धान की फसलें इन अन्ना मवेशियों के निशाने पर हैं। माधौगढ तहसील की कई ग्राम पंचायतों में अन्ना गौवंशों की समस्या विकराल रुप लेती जा रही है। मुख्य सड़ ?कों पर दर्जनों गौवंश झुण्ड बनाकर वैसे रहते हैं। जिससे राहगीरों, बाइक सवारों व चारपहिया वाहनों के लिए हर समय जहां दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं गौवंता भी हादसे स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार वाहन चालक अचानक गौवंशों के सामने से आ जाने से दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बच जाते हैं और कुछ दुर्घटनाग्रस्त हो भी जाते हैं। ग्रामीणों ने इस बात पर रोष जताया कि इतना सच होते हुये भी जिम्मेदार अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। दूसरी तरफ अन्ना गौवंशों से फसलों को बचाने में किसान भी चिंताग्रस्त हैं। उनका कहना है कि उन्हे दिन-रात खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है। जिससे खेती की लागत बढ़ रही है साथ ही उत्पादन भी प्रभावित होने को आशंका बनी रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्ना गौवंशों के संरक्षण के लिए गौशालायें संचालित है। इसके बावजूद भी बड़ी संख्या में गौवंश सड़कों और क्षेत्रों में खुलोआम घूम रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और सम्बंधित अधिकारियों से मांग की है कि अन्ना गौवंशों को गोशालाओं में संरक्षित किया जाये।

# छायादार वृक्ष के नीचे गिर रहे कूडा कचरे को लेकर हुई शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ( जालौन )** तहसील की ग्राम पंचायत बिजदुवां के मजरा रामनगर निवासी विनोद कुमार पुत्र गंगाराम ने एक शिकायती प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी मनोज प्रकाश के नामित अपने पत्र में लिखा कि रामनगर में मेरा मकान है मेरे घर के पास एक छायादार नीम का पेड है जिसके नीचे गर्मी आदि में लोग छाया आदि का लाभ लेते है उसी के किनारे विपक्षी संतोष अपनी दबंगई के बल पर उक्त छायादार वृक्ष के किनारे गोबर घूरा आदि डाल रहा है जिससे आम आदमियों का बैठना बंद हो गया है। गोबर आदि की बदबू आती है ऐसी स्थिति गोहन की पुलिस द्वारा उक्त छायादार वृक्ष नीम के किनारे से उक्त लोगों को गोबर आदि उठाया जाकर वहां की साफ सफाई कराई जाए जिससे कि आमजन नीम के पेड के नीचे बैठ सकें उक्त ने गुहार लगाई है कि उपरोक्त तथ्यों के आधार पर रामनगर विजदुवां में स्थित नीम के पेड के किनारे से गोबर और विपक्षी का अवैध कब्जा हटवाया जाए जिससे कि लोग आराम से पेड के नीचे बैठ सकें

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में उमड़ा महिलाओं का उत्साह, जल सहेली फाउंडेशन से पहुंचीं 500 ग्रामीण महिलाएं

## महिला सशक्तिकरण और जल संरक्षण का दिया संदेश

( यंग भारत न्यूज )




**उरई, जालौन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में जल सहेली फाउंडेशन की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों की करीब 500 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। फाउंडेशन से जुड़ी महिलाएं सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गईं और अनुशासित ढंग से कार्यक्रम में शामिल हुईं।

जल सहेली फाउंडेशन की महिलाओं ने बताया कि संगठन लंबे समय से गांवों में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और आजीविका से जुड़े विषयों पर काम कर रहा है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होकर महिलाओं ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने कहा कि ऐसी पहल से ग्रामीण महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री नें जल सहेली से जुड़ी महिलाओ के कार्य की सराहना की। बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति पूरे कार्यक्रम के दौरान आकर्षण का केंद्र रही।

# खबरों से उपजा विवाद: पत्रकार ने सचिव पर जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

## जनहित के मुद्दों पर प्रकाशित समाचारों से नाराज होकर अभद्रता व धमकी देने का आरोप, एफआईआर दर्ज कराने को पुलिस को दी तहरीर

( यंग भारत न्यूज )



**( माधौगढ़ ) जालौन ।** विकास खंड माधौगढ़ में जनहित से जुड़े समाचारों के प्रकाशन के बाद विवाद सामने आया है। पत्रकार अजीत उपाध्याय ने ग्राम विकास अधिकारी शिवसागर अवस्थी पर समाचारों के प्रकाशन से नाराज होकर जान से मारने की धमकी देने, अभद्र व्यवहार करने तथा पत्रकारिता के कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए थाना माधौगढ़ में तहरीर दी है। शिकायत में सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की गई है।तहरीर के अनुसार, 24 जुलाई को विकास खंड कार्यालय में मौजूद रहने के दौरान जनहित से जुड़े मामलों के प्रकाशन को लेकर विवाद हुआ। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी दौरान शिवसागर अवस्थी ने कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया और भविष्य में समाचार प्रकाशित करने पर गंभीर परिणाम भुगतने तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में कहा गया है कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों, स्वच्छता, मनरेगा और अमृत सरोवर जैसे मुद्दों पर समाचार प्रकाशित किए जा रहे थे। इन्हीं समाचारों से नाराज होकर यह घटना हुई। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस कथित धमकी से उसके भीतर भय का वातावरण उत्पन्न हो गया है और निष्पक्ष पत्रकारिता प्रभावित करने का प्रयास किया गया।पत्रकार ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर शिवसागर अवस्थी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने तथा अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। तहरीर में यह भी कहा गया है कि यदि भविष्य में कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।थाना पुलिस का कहना है कि प्राप्त शिकायत का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# यदि हम भविष्य में कुछ करना चाहते हैं तो हमें मोबाइल और टेलीविज़न का उपयोग एक लिमिट में करना होगा - सुधांशु

## -जे एम कालपी ने वृक्षारोपण कार्यक्रम से पूर्व माँ गायत्री स्कूल में स्कूली छात्र/छात्राओं को दिये परीक्षा में सफलता के टिप्स



( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 25 जुलाई ।** आज माँ गायत्री विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अदल सराय कालपी में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु सिंह ने वृक्षारोपण किया वृक्षारोपण से पूर्व उन्होंने विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों से भी वार्ता की उन्होंने कहा कि आजकल के बच्चे ज्यादातर मोबाइल का उपयोग ज्यादा करते देखे जाते हैं मोबाइल या टी वी का उपयोग एक लिमिट में ही करना चाहिए बाकी पढ़ाई लिखाई के साथ साथ खेल कूद में भी समय देना चाहिए मानसिक स्वास्थ्य के साथ साथ शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रहना जरूरी है! श्री सिंह ने कहा किसी भी सफलता के लिए अनुशासन बहुत जरूरी होता है और अनुशासन के लिए इन्द्रियों का संयम बहुत जरूरी है इसलिए अपनी इन्द्रियों को नियंत्रण में रखना होगा मोबाइल और टी वी से कुछ फासले रखने होंगे विद्या लय में जो कुछ पढ़ा या जाये उसे ध्यान से मन लगा कर पढे और कुछ हट कर भी अपने से भी पढ़ें पढ़कर आपस में नये नये सवाल बना कर एक दूसरे से पूंछे कक्षा में जब अध्यापक पढ़ाये तो सब कुछ भूल कर उनकी बात को ध्यान से सुने बच्चों से रुबरु होने के बाद श्री सिंह विद्यालय के ग्राउंड में पहुंचे जहाँ उन्होंने बार संघ कालपी के पूर्व अध्यक्ष एड. जय किशोर कुलश्रेष्ठ सिद्धन बाबू,पूर्व अध्यक्ष बार संघ कालपी के प्रतिनिधि एड. सतीश निषाद, बार संघ कालपी के वर्तमान महामंत्री एड. अमीन मलिक, सीनियर एड. डब्बू श्री वास्तव जी,विद्यालय के प्रबंधक ओ पी सैनी,हर्ष सैनी, विद्यालय के प्रधानाचार्य के के द्विवेदी, एड. डी सी सैनी वरिष्ठ पत्रकार, पवन गुप्ता पत्रकार,महर्षि सैनी एड., लेखराज निषाद एड., गुलाब निषाद एड. एवं विद्यालय स्टाफ की मौजूदगी में वृक्षारोपण किया मौक़े पर विशेष रूप से विद्यालय के शिक्षक/ शिक्षिकायें एवं छात्र / छात्राओं ने प्रतिभाग किया सभी ने एक एक वृक्ष लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प दोहराया।

# ट्रक की टक्कर से युवक की मौत पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी –उरई ।** उरई–कालपी मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत के मामले में घायल साथी की शिकायत पर थाना आटा पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी है।

उक्त घटना के मामले में ग्राम बैरई निवासी वादी जहीद पुत्र गुलाब मुहम्मद ने बताया कि 21 जुलाई 2026 को सुबह करीब 9 बजे वह अपने साथी चांद खान पुत्र बुद्ध खां (38 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल से कालपी से उरई की ओर जा रहे थे। मोटरसाइकिल चांद खान चला रहे थे और जहीद पीछे बैठे थे। इसी दौरान उरई–कालपी रोड स्थित वृंदावन कॉलोनी के पास एक ट्रक चालक ने बिना किसी संकेत के अचानक ट्रक को सड़क पर मोड़ दिया। मोटरसाइकिल चालक ने दुर्घटना से बचने का प्रयास करते हुए वाहन की गति धीमी कर दी, लेकिन ट्रक चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते ट्रक ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में चांद खान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जहीद गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। तहरीर के आधार पर थाना आटा पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# गुजारा भत्ता न देने पर आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय के आदेश पर पुलिस की कार्यवाही

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी –उरई ।** पारिवारिक न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर पत्नी को निर्धारित गुजारा भत्ता न देने वाले आरोपी को शनिवार को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नया पूरवा मगरौल निवासी देवकीनंदन के विरुद्ध पारिवारिक न्यायालय ने अपनी पत्नी को 7 हजार रुपए प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने का आदेश पारित किया था। इसके बावजूद आरोपी लगातार न्यायालय के आदेश का पालन नहीं कर रहा था और निर्धारित राशि का भुगतान नहीं कर रहा था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में कोतवाली कालपी के उपनिरीक्षक राम खिलावन ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

# हल्का इंचार्ज ने वारंटी को दबोच कर भेजा जेल

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन 25 जुलाई ।** परिवार अदालत आदेश से पत्नी भरण पोषण धनराशि न देना तथा अदालत से बार–बार गैरहाजिर होना पति अभियुक्त को महंगा पड़ा वही हल्का इंचार्ज ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर वारंट तहत पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा। पुलिस के मुताबिक कोतवाली कालपी प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी निर्देश पर हल्का इंचार्ज उप निरीक्षक रामजीलाल ने उरई परिवार अदालत से आए हुए वारंट को कार्यालय से प्राप्त कर पुलिस बल के साथ वारंटी अभियुक्त की गिरफ्तारी में जुटे हुए थे वहीं मुखबिर की सूचना मिलते ही वारंटी अभियुक्त के मकान समीप पहुंचकर ग्राम पंचायत मंगरोल नया पुरवा निवासी वारंटी अभियुक्त देवकीनंदन उर्फ देवकी रमन पुत्र उमेश चंद्र को मकान दरवाजे से चारों तरफ घेर कर वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोतवाली हवालात में बंद किया वही वारंट के तहत पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण कराकर संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया।

# जव जव प्रथ्वी पर अत्याचार बढ़ा तब तब भगवान ने अवतार लिया-पं विष्णुकान्त मिश्रा

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** नगर के प्राचीन गुदरिया हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में शनिवार को परमात्मा के अवतारों की कथा सुनाते हुए कथा व्यास आचार्य पं. विष्णुकांत मिश्रा ने कहा, जब–जब पृथ्वी पर आसुरी शक्तियों का अत्याचार बढ़ता है तब–तब परमात्मा किसी न किसी रूप में अवतार धारण कर पृथ्वी का भार हरते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं।

महंत महेश दास महाराज के संयोजकत्व में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को शुकदेव परीक्षित संवाद को आगे बढ़ाते हुए कथा व्यास कहते हैं, भागीरथी गंगा में स्नान करने से शारीरिक मलीनता दूर होती है किंतु मानसिक मलीनता तो कृष्ण कथा ही दूर कर सकती है। कृष्ण कथा तो कहीं भी प्रकट हो सकती है लेकिन भागीरथी गंगा अन्य किसी स्थान पर प्रकट नहीं हो सकती। उन्होंने भगवान के मत्स्य अवतार, वाराह अवतार, कूर्मावतार, नरसिंह अवतार, वामन अवतार, कपिल अवतार आदि की सुंदर और रसमयी कथाएं सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा, पृथ्वी पर जब आसुरी शक्तियों का उपद्रव बढ़ गया और लोग दुखी हो गए तो पृथ्वी से यह सब सहा नहीं गया। उसने ब्रह्माजी की शरण ली, ब्रह्मादि देव भगवान नारायण के पास आए और पुरुष सूक्त से प्रार्थना करने लगे, नाथ अब तो कृपा कीजिए और अवतार लीजिए। भगवान ने ब्रहमाजी से कहा, वह वसुदेव और देवकी के यहां प्रकट होंगे और सेवा के लिए सब देव भी अवतार लेना। ब्रह्मा ने आकाशवाणी सुनी और सभी देवो को आश्वस्त किया। सभी देवता गोकुल में प्रकट हो गए तब भगवान ने माया का आश्रय लिया क्योंकि माया का आश्रय लिए बगैर भगवान अवतार नहीं ले सकते। योग माया ने देवकी के सातवें गर्भ को कर्षण द्वारा रोहिणी के उदर में स्थापित कर दिया और शेषावतार बलभद्र महाराज भाद्रपद शुक्ल षष्ठी के दिन प्रकट हुए। देवकी ने आठवां गर्भ धारण किया और भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी की मध्यरात्रि में कमल नयन चतु?र्भुज नारायण भगवान बालक का रूप लेकर वसुदेव–देवकी के समक्ष प्रकट हो गए। जैसे ही कृष्ण प्राकट्य हुआ, गोले दागे गए और महिलाओं ने बधाइयां गाईं। कथा विश्राम पर परीक्षित ऊषा राधे कृष्ण श्रीवास्तव ने भागवत जी की आरती उतारी, प्रसाद वितरित किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हेमनपुरा डेरा में 45 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

( यंग भारत न्यूज )



**उरई/कदौरा ।** कदौरा थाना क्षेत्र के हेमनपुरा डेरा गांव में शनिवार को 45 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही कदौरा पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा आवश्यक साक्ष्य एकत्र करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मृतक की पहचान हेमनपुरा डेरा निवासी राम प्रसाद निषाद (45) पुत्र प्रभु निषाद के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ग्रामीण जब खेतों की ओर गए तो उन्होंने राम प्रसाद का शव फंदे से लटका देखा। इसके बाद तत्काल पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। घटना की सूचना पर उपनिरीक्षक अनुज पवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। राम प्रसाद अपने पीछे पत्नी, दो बेटे, दो बेटियां तथा पिता सहित भरा–पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी एक बेटी का विवाह हो चुका है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार राम प्रसाद सामान्य जीवन व्यतीत करते थे और किसी को भी इस तरह की घटना की आशंका नहीं थी। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जब जब धरा पर अत्याचार अनाचार दुराचार बढता है भगवान उनका करते हैं सर्वनाश - शास्त्री

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )** तहसील की ग्रामपंचायत सुरावली में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पावन पर्व के उपलक्ष में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा मैं चतुर्थ दिवस में पूज्य व्यास गोपाल शरण जी महाराज के मुखारविंद से श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया कंस का अत्याचार और आकाशवाणी: मथुरा के अत्याचारी राजा कंस ने अपनी बहन देवकी का विवाह वासुदेव जी से किया था। विदाई के समय आकाशवाणी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र कंस का वध करेगा। इससे भयभीत होकर कंस ने देवकी और वासुदेव को कारागार में डाल दिया और उनके शुरुआती छह संतानों को मार डाला सातवां गर्भ और योगमाया का प्रभाव: सातवें गर्भ के रूप में शेषनाग स्वरूप बलराम जी का प्राकट्य हुआ, जिन्हें योगमाया की प्रेरणा से रोहिणी के गर्भ में स्थापित किया गया। मध्यरात्रि का दिव्य प्राकट्य: भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को अर्द्धरात्रि में घनघोर वर्षा और अंधकार के बीच भगवान श्रीकृष्ण ने अद्भुत रूप में जन्म लिया। कारागार के चमत्कार: भगवान के प्रकट होते ही कारागार के पहरेदार गाढ़ी नींद में सो गए, वासुदेव जी की हथकड़ी–बेड़ियां स्वत: खुल गईं और भारी ताले–दरवाजे अपने–आप खुल गए। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालु भक्त रामनरेश पांडे हरिओम दीक्षित प्रहलाद सिंह अशोक पांडेय एडवोकेट अखिलेश सविता दिलीप मिश्रा आदि तथा जानकीशरण दीक्षित ने सभी भक्तों में प्रसाद वितरण कराया

# दुर्गा मंदिर चौराहे पर उड़ती धूल से त्रस्त श्रद्धालुओं व राहगीरों ने सफाई की मांग तेज की

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी –उरई ।** नगर के फोरलेन हाईवे स्थित दुर्गा मंदिर चौराहे पर सड़क से उड़ रही धूल और मिट्टी लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और राहगीरों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से तत्काल सफाई व्यवस्था कराने की मांग उठाई है।

बताया जाता है कि यमुना पुल पर मरम्मत कार्य के दौरान रूट डायवर्जन होने से करीब दो माह तक वाहनों का आवागमन एक ही पुल से कराया गया। इस दौरान कार्यदायी संस्था ने हाईवे के मध्य भाग में पत्थरों के बोल्डर लगाए थे। कार्य पूरा होने के बाद भी सड़क पर जमा धूल और मिट्टी की सफाई नहीं कराई गयी । फलस्वरूप तेज गति से गुजरने वाले वाहनों के कारण पूरे चौराहे पर धूल का गुबार उड़ रहा है। इस सम्बन्ध में इंदिरा नगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता अपूर्व शरद श्रीवास्तव,अमर सिंह चंदेल तथा महमूदपुरा निवासी लखन, अरविंद कुमार ने बताया कि दुर्गा मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा–अर्चना के लिए आते हैं। लेकिन उड़ती धूल के कारण उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चौराहे पर वाहन का इंतजार कर रहे यात्रियों और राहगीरों को भी धूल के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से नियमित सफाई कराने तथा धूल नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# मंत्री का ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष ने साथियों के साथ किया स्वागत

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन 25 जुलाई ।** शनिवार को जनपद मुख्यालय उरई मुख्यमंत्री आगमन के पहले प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कार्यक्रम आगमन पर ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ एक चौराहे में माल्यार्पण कर अभूतपूर्व स्वागत किया सुबह लखनऊ से प्रदेश सरकार के कैबिनेट ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का काफिला जैसे ही दुर्गा मंदिर हाईवे चौराहे में आया उनके स्वागत के लिए ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष राजू पाठक ने अपने साथियों के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया वही स्वागत लेने के उपरांत मंत्री ने मौजूद लोगों का दुख दर्द जाना इसके बाद उनका काफिला उरई के लिए कूच कर गया स्वागत करने वालों में मनोज पांडे पंडित अनुराग नीलाभ शुक्ला आदि विप्र बंधु मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के पहले रात में पुलिस ने सपा पार्टी नगर अध्यक्ष को किया नजर बंद

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन 25 जुलाई ।** सपा पार्टी के नगर अध्यक्ष अजीत यादव ने मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही शुक्रवार की रात में अपने घर में बैठकर कालपी को पर्यटन घोषित कराने के लिए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के आने पर ज्ञापन देने हेतु तैयार कर रहे थे उसी समय कोतवाली पुलिस को जैसे ही भनक लगी तत्काल पुलिस टीम उनके रामगंज निज निवास पर पहुंचकर उनके घर में ही नजर बंद किया तथा वह मुख्यमंत्री को ज्ञापन नहीं दे सके वह बराबर पुलिस की हिरासत में रहे फिर वह शनिवार को शेखपुरगुढा स्थित फूलन देवी की प्रतिमा में पहुंचकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी वहीं से पुलिस टीम सकुशल तरीके से फिर घर वापस हुई रात को पुलिस टीम ने नजर बंद कर दूसरे दिन शनिवार को शाम को 7 बजे कुशल तरीके से नजर बंद से मुक्त किया।

# सड़क दुर्घटना में दो घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 25 जुलाई ।** शनिवार को सुबह 45 वर्षीय कुंवरलाल पुत्र संतराम निवासी जनपद कानपुर देहात खोजा राजपुर अपने निज निवास से सुबह उरई की ओर जा रहा था तभी अज्ञात बाहन की टक्कर से जबरदस्त घायल हुआ घटना की सूचना पाकर पहुंची एंबुलेंस कर्मियों ने सड़क पर पड़े घायल व्यक्ति को उठाकर सीएचसी कालपी इलाज हेतु भर्ती कराया इसी क्रम में 45 वर्षीय अब जरूल हक पुत्र हाजी खान शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में घायल हुए घटना की सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने घायल व्यक्ति को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल सचान ने घायलों की जांच अलग–अलग समय में की वहीं गंभीर स्थिति होने पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल उरई रिफर किया।

# कालपी पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में किया चालान

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 25 जुलाई ।** नगर मे व्यक्ति को पड़ोसी से लड़ना तथा एक ग्राम में पुत्र को अपने मां पिता से झगड़ा करना दोनों लोगों को महंगा पड़ा वही कालपी पुलिस ने अलग–अलग जगह से दोनों को गिरफ्तार कर जुर्म धारा 170 126 135 बीएनएस तहत पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा।

टरननगंज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र सिपाही अभिषेक यादव पुलिस बल के साथ नगर में भ्रमण कर रहे थे वहीं झगड़े की सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने मोहल्ला भट्टी पुरा निवासी अकामिल खान पुत्र गुड्डू पड़ोसी व्यक्ति को गाली गलौज कर झगड़ा कर रहा था तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया इसी क्रम में उप निरीक्षक दयाशंकर सिंह यादव पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे वहीं झगड़े की सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने ग्राम उसरगांव निवासी राघवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र रामहेत अपने मां पिता को गाली गलौज कर झगड़ा कर रहा था तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया उक्त घटनाओं में कालपी पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अलग–अलग चालानी रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण कराकर संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया।

# यूपीः 21 दिन में दरिंदे को उम्रकैद की सजा, चचेरे मामा

( यंग भारत न्यूज )

उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में विशेष पोक्सो कोर्ट ने डेढ़ साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास और दो लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है.इस फैसले की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि आरोप तय होने के महज 21 दिनों के भीतर अदालत ने निर्णय सुनाकर त्वरित न्याय की एक मिसाल पेश की है. पुलिस की वैज्ञानिक विवेचना, मजबूत साक्ष्यों और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के आधार पर अदालत ने यह फैसला सुनाया.



दरअसल, मामला 12 मार्च 2026 का है. खतौली थाना क्षेत्र में रिश्ते के मामा टिंकू उर्फ पिंकू बिस्कुट दिलाने के बहाने अपनी डेढ़ वर्षीय भांजी को घर से ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया था. बच्ची के रोते हुए घर लौटने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उसकी मां की तहरीर पर खतौली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया. शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. विशेष पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार सिद्धु ने 3 जुलाई 2026 को आरोप तय होने के बाद महज 21 दिनों में फैसला सुनाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास और दो लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया. अदालत ने स्पष्ट किया कि दोषी अपना शेष जीवन कारागार में बिताएगा. अपने फैसले में न्यायालय ने इंटरनेट और सोशल मीडिया पर उपलब्ध अश्लील सामग्री को लेकर भी गंभीर चिंता जताई. अदालत ने टिप्पणी की कि तकनीकी माध्यमों से परोसी जा रही अश्लील सामग्री वर्तमान समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है. न्यायालय ने इस घटना को मानवता को शर्मसार करने वाला बताते हुए समाज की बदलती दिशा पर भी चिंता व्यक्त की. कोर्ट ने कहा कि इस न्यायालय को उल्लेख करने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि अभियुक्त द्वारा जिस प्रकार की घटना को अंजाम दिया गया है वो केवल मानवता को शर्मसार करने वाली है, बल्कि वर्तमान समाज के उस प्रतिबिंब को भी दर्शाता है कि वास्तव में हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है. इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए सरकारी अधिवक्ता राजीव शर्मा ने दी. उन्होंने बताया कि पीड़ित बच्ची की मां प्रियंका 12 मार्च 2026 को अपने मायके आई हुई थी. वो अपने साथ में अपनी डेढ वर्ष की बच्ची को भी लाई थी. इस मामले में आरोपी प्रियंका के ताऊ का लड़का पिंकू छोटी सी बच्ची को घर से दुकान पर कुछ चीज दिलाने के बहाने ले गया और अपने घर पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. इसके बाद जब वह बच्ची रोती हुई अपने घर आई तो उसके अंडरगारमेंट खून से लथपथ थे. पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ थाना खतौली में मामला दर्ज करवाया था. इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत साक्ष्य संकलित किए और कोर्ट में पेश किया. इस मामले पर संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ सबूतों के आधार पर आरोप तय किए. महज 21 दिनों के अंदर कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है. आरोपित पिंकू पीड़िता की मां के ताऊ का लड़का है और रिश्ते में मामा लगता है. वकील ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि कोर्ट ने आरोपी पिंकू को आजीवन कारावास तथा 20,00,00 के अर्थ दंड से उसको दंडित किया है और आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आरोपी अपने शेष बचा पूरा जीवन जेल में काटेगा.

# बाथरूम में ले गई पति को, फिर मिट्टी का तेल डाल जलाया जिंदा, तीसरी शादी में आई ऐसी दरार; हैवान बनी पत्नी

( यंग भारत न्यूज )

जहां एक तरफ मुस्कान और सोनम ने अपने पति को बेदर्दी से मार दिया था, वहीं एक महिला ने अपने पति का कत्ल कर बाथरूम में दफना दिया था. लेकिन आज जो मामला सामने आ रहा है वो रूह कंपा देने वाला है.दरअसल, उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के सदर कोतवाली इलाके के से एक ऐसी घटना सामने आ रही है जिसे जानकर आपके रौंगटे खड़े हो जाएंगे. यहां , 56 साल के हृदेश तिवारी पर कथित तौर पर उनकी तीसरी पत्नी रानू और उसके मायके वालों ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी. बुरी तरह झुलसे व्यक्ति को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.



आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस भयानक घटना की जानकारी मृतक की बेटी सोनम द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत और बयानों से मिली. जानकारी के मुताबिक खुद बेटी सोनम ने बताया कि उनकी सगी माँ का निधन 2023 में हो गया था. इसके बाद, अक्टूबर 2024 में उनके पिता हृदेश तिवारी ने रानू नाम की महिला से कोर्ट मैरिज की. बताया जा रहा है कि रानू की भी तीसरी शादी थी; उसके पिछले पतियों में से एक की मौत हो चुकी थी और दूसरे ने उसे छोड़ दिया था. आरोप है कि शादी के बाद से ही रानू हृदेश को ब्लैकमेल कर रही थी और लगातार उन पर पैसे और संपत्ति अपने नाम करवाने का दबाव बना रही थी. इस दबाव में आकर हृदेश उसे आधा बिस्वा ज़मीन का एक प्लॉट देने को तैयार हो गए थे. जानकारी के मुताबिक यह घटना गुरुवार को हुई, जिस दिन प्लॉट का रजिस्ट्रेशन होना था. उनकी बेटी सोनम का कहना है कि गुरुवार दोपहर जब उनके पिता बाथरूम गए, तो उनकी सौतेली माँ रानू और उसके मायके से आए रिश्तेदारों ने उन पर ज्वलनशील पदार्थ डाला और आग लगा दी. जब पड़ोसियों ने हृदेश को जलते हुए देखा, तो आरोपी महिला ने खुद को बचाने के लिए आग बुझाने का नाटक किया. इस दौरान वो भी मामूली रूप से झुलस गई और फिलहाल जिला अस्पताल में भर्ती है. कोतवाली स्टेशन हाउस ऑफिसर (स॥ह्र) चंद्रकांत ने बताया कि मृतक की बेटी सोनम की लिखित शिकायत के आधार पर आरोपी सौतेली माँ रानू के खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और झुलसी हुई आरोपी महिला का पुलिस कस्टडी में इलाज चल रहा है.

# पैर तोड़कर कंधे तक मोड़ा, फिर बाप की लाश को घर में दफनाया, कमरे से आ रही थी ऐसी बदबू; खड़ा होना हुआ मुश्किल

( यंग भारत न्यूज )

महेशगंज के अथाइशा प्रीतमपुर गाँव से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आ रहा है. दरअसल, यहां एक बुज़ुर्ग की बेरहमी से हत्या कर दी गई और इस भयानक वारदात का राज़ तब खुला जब एक कमरे से गंदी बदबू आने लगी.



जानकारी के मुताबिक यहां एक घर के कमरे में साढ़े तीन फ़ीट गहरे गड्ढे में एक लाश दफन थी जिसे निकाला गया. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दिल दहला देने वाली बात तो ये है कि मरने वाले का पैर तोड़कर कंधे तक मोड़ दिया गया था. बदबू इतनी ज्यादा थी कि कमरे के अंदर रहना मुश्किल था. पड़ोसियों का कहना है कि मरने वाले के बेटे संतोष और अजय बुधवार को घर पहुँचे और पुलिस को इस बात की जानकारी दी है कि उनके पिता और भाई एक हफ़्ते से गायब थे. पड़ोसियों ने उन्हें खबर दी थी, जिसके बाद वो गाँव पहुँचे और स्थानीय पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. जानकारी के मुताबिक जब वो गुरुवार सुबह घर पहुँचे, तो उन्हें इतनी तेज बदबू आई कि वहाँ रुकना भी एक मुश्किल काम था. उन्होंने पुलिस को सूचना दी. सर्कल ऑफ़िसर (ष्टह्र) समेत कई अफ़सर स्कार्फ़ से मुँह ढँककर घर के अंदर गए. इस बीच, गाँव वाले चर्चा कर रहे हैं कि जब तक आरोपी पकड़ा नहीं जाता, तब तक हत्या का राज़ पूरी तरह नहीं खुल पाएगा. हाल ही में प्रयागराज और अंबेडकर नगर में भी ऐसी ही घटनाएँ हुई थीं, जहाँ हत्या के मामले का मुख्य संदिग्ध अगले ही दिन मृत पाया गया था; इसलिए, इस हत्या के पीछे का मकसद तभी साफ़ हो पाएगा जब आरोपी पकड़ा जाएगा. इतना ही नहीं, जिस हालत में शख्स की लाश मिली है उसे लेकर गाँव वालों का कहना है कि यह शायद किसी एक शख्स के बस की बात नहीं थी. शक है कि इसमें और लोग भी शामिल हो सकते हैं. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गाँव में बुज़ुर्ग किसान की हत्या को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं, जिसमें ज़मीन और पैसे को मुख्य मकसद माना जा रहा है. लेकिन, पुलिस की जाँच में अभी तक हत्या की वजह पक्के तौर पर सामने नहीं आई है, बेटों, अजय और संतोष, का आरोप है कि विजय ने पैसे और खेती की ज़मीन के लिए उनके पिता की हत्या की, फिर लाश को दफ़ना दिया और घर से भाग गया. पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जगदीश प्रसाद द्विवेदी की हत्या के आरोपी बेटे को गिरफ्तार करने के लिए तीन टीमें बनाई हैं. स्क्रने इस बात की जानकारी दी है कि फ़ोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से मिला फावड़ा ज़ब्त कर लिया है. आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा.जगदीश की लाश घर के सबसे पिछले कमरे में मिली. ऊपर की मंज़िल के दो कमरे बंद थे. सर्कल ऑफ़िसर (सदर) मनोज रघुवंशी ने ताले तुड़वाए और कमरों की तलाशी ली.

# नियमों की अनदेखी कर मुख्तार अंसारी के करीबी को दिया शस्त्र लाइसेंस, कोतवाल-लेखपाल सहित तीन पर केस

( यंग भारत न्यूज )



गाजीपुर: मुख्तार अंसारी के आईएस 191 गैंग से जुड़े लोगों के आर्म्स लाइसेंस की जांच को लेकर पुलिस ताबड़तोड़ एक्शन कर रही है। लाइसेंस की जांच में लगातार गड़बड़ियां प्रकाश में आ रही है। इस मामले में चल रही जांच के दौरान फर्जी पते पर आर्म्स लायसेंस देने के मामले में मुख्तार अंसारी गैंग से जुड़े मोहम्मद शाहिद मोहम्मदाबाद के तत्कालीन थाना प्रभारी और क्षेत्रीय लेखपाल के खिलाफ धोखाधड़ी षड्यंत्र रचने के आरोप लगे हैं। मामले में इन सभी पर आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बताते चले कि इस इसी तरह के आरोप के आधार पर समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी पर भी केस हुआ है। अफजाल अंसारी मुख्तार अंसारी के बड़े भाई हैं। इसके अलावा मुख्तार की पत्नीअफशां अंसारी पर भी शस्त्र लाइसेंस में हेराफेरी के आरोप के बिनाह पर केस दर्ज किया गया है। कलेक्ट्रेट में शस्त्र अनुभाग के चार बाबू( क्लर्क)के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस मुख्तार अंसारी और उसके घर वालों और अन्य सहयोगियों को जारी 516 लाइसेंस के शास्त्रों का भौतिक सत्यापन कर रही है। इसके लिए एसपी सिटी और एसपी ग्रामीण की अगुवाई में अलग-अलग टीम गठित की गई है। जांच में पता चला की मूल रूप से सैदपुर के रहने वाले मोहम्मद शाहिद 1999 से 2015 तक पुरानी कचहरी मंगल बाजार यूसुफपुर मुहम्मदाबाद में किराए के मकान में रहता था। उसके शस्त्र आवेदन में स्थाई और वर्तमान दोनों पता युसुफपुर मुहम्मदाबाद का था ।28 अप्रैल 2001 को उसे एसबीबीएल गन का लाइसेंस संख्या 1383/पी 2 जारी हुआ। इस लायसेंस पर बाद में कई बार हथियारों का खरीद स्वरूप किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अतुल सोनकर ने बताया कि जांच में यह बात सामने आए कि तत्कालीन थाना प्रभारी मुहम्मदाबाद और क्षेत्रीय लेखपाल ने गलत पते को वेरीफाई करते हुए लाइसेंस देने की संस्तुति जिला प्रशासन को की थी। इसी के आधार पर तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# एक हिंदू लड़की ने जब बचाई मुस्लिम ट्रक ड्राइवर की जान... उसके बाद जो हुआ, उसने पूरे गांव को भावुक कर दिया.

( यंग भारत न्यूज )



प्रदेश और बिहार की सीमा से जुड़े एक गांव की एक भावुक कहानी कुछ समय पहले लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी थी। यह कहानी किसी विवाद या संघर्ष की नहीं, बल्कि इंसानियत, साहस और भाईचारे की मिसाल के रूप में सामने आई। बताया जाता है कि एक सड़क दुर्घटना के बाद एक हिंदू युवती ने अपनी जान की परवाह किए बिना एक घायल मुस्लिम ट्रक चालक की मदद की। बाद में यही घटना रक्षाबंधन के पर्व पर भाई-बहन के रिश्ते में बदल गई। हालांकि इस कहानी के सभी विवरणों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह घटना सामाजिक सौहार्द और मानवीय संवेदनाओं की एक प्रेरक मिसाल के रूप में लोगों के बीच साझा की जाती रही है ।बताया जाता है कि गांव के बाहर एक मोड़ पर तेज रफ्तार से गुजर रहा एक मालवाहक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसके अंदर फंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद ट्रक से धुआं निकल रहा था। आसपास मौजूद कई लोग स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पास जाने से हिचक रहे थे। सभी को आशंका थी कि कहीं ट्रक में आग न लग जाए। इसी दौरान वहां से गुजर रही लगभग 18 वर्षीय एक युवती, जिसे यहां सुरक्षा (बदला हुआ नाम) कहा गया है, बिना किसी डर के आगे बढ़ी। उसने आसपास मौजूद लोगों से मदद की अपील की और घायल चालक को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया ।बताया जाता है कि युवती की पहल के बाद अन्य ग्रामीण भी आगे आए। काफी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाला गया और तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। समय पर इलाज मिलने के कारण उसकी जान बच गई। यदि राहत कार्य में कुछ और देर हो जाती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने युवती के साहस और सूझबूझ की सराहना की। बाद में घायल चालक की पहचान मोहम्मद राशिद के रूप में हुई। बताया जाता है कि वह पंजाब से झारखंड की ओर माल लेकर जा रहा था। दुर्घटना में उसे गंभीर चोटें आई थीं और उसे कई दिनों तक अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद राशिद ने उन लोगों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उसकी जान बचाने में मदद की थी। विशेष रूप से उसने उस युवती का उल्लेख किया जिसने सबसे पहले उसकी सहायता के लिए कदम बढ़ाया ।कुछ सप्ताह बाद रक्षाबंधन का पर्व आया। इसी दौरान कहानी ने एक ऐसा मोड़ लिया जिसने पूरे गांव का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। बताया जाता है कि मोहम्मद राशिद स्वयं उस युवती के घर पहुंचा और उसने सुरक्षा से राखी बंधवाने की इच्छा जताई। परिवार की सहमति के बाद युवती ने उसे राखी बांधी और दोनों ने भाई-बहन का रिश्ता स्वीकार किया। गांव में मौजूद लोगों के लिए यह दृश्य बेहद भावुक था। कई लोगों ने इसे इंसानियत और आपसी विश्वास का अनूठा उदाहरण बताया ।बताया जाता है कि राखी बंधवाने के बाद राशिद ने अपनी नई बहन को एक स्कूटी भेंट की। उसके अनुसार यह केवल एक उपहार नहीं था, बल्कि उस साहस और मानवता के प्रति सम्मान था जिसकी वजह से उसकी जान बच सकी। राशिद ने कथित रूप से कहा कि यदि उस दिन युवती ने हिम्मत न दिखाई होती तो शायद वह आज जीवित नहीं होता। उसने यह भी कहा कि वह अपनी बहन की पढ़ाई में हरसंभव सहयोग करेगा ।बताया जाता है कि सुरक्षा ने हाल ही में 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और उच्च शिक्षा के लिए उसे प्रतिदिन कई किलोमीटर दूर कॉलेज जाना पड़ता था। सार्वजनिक परिवहन की सुविधा सीमित होने के कारण उसे रोज लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती थी। स्कूटी मिलने के बाद उसकी पढ़ाई काफी आसान हो गई। अब वह समय पर कॉलेज पहुंचने लगी और पढ़ाई के लिए अधिक समय निकालने में सक्षम हुई। स्थानीय लोगों का कहना था कि इस घटना ने गांव की अन्य बेटियों को भी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# नंबर वन रेपिस्ट, 100+ महिलाओं का यौन शोषण किया'

## -बाड़मेर में 2 करोड़ की वसूली केस में गिरफ्तार नर्स ने 65 वर्षीय डॉक्टर पर लगाए आरोप

( यंग भारत न्यूज )



बाड़मेर में 2 करोड़ की उगाही मामले में गिरफ्तार नर्स ने डॉक्टर पर 100 महिलाओं के यौन शोषण का आरोप लगाया, पुलिस सभी दावों की जाँच में जुटी। राजस्थान के बाड़मेर में डॉक्टर से 2 करोड़ रुपए की वसूली का मामला अब नया मोड़ ले चुका है। निजी अस्पताल के 65 वर्षीय डॉक्टर से ब्लैकमेलिंग और करोड़ों रुपए की उगाही के आरोप में गिरफ्तार नर्स कमला उर्फ कमलेश ने कोर्ट परिसर में डॉक्टर पर ही बेहद गंभीर आरोप लगा दिए। नर्स ने दावा किया कि डॉक्टर 'सीरियल रेपिस्ट' है और उसने वर्षों में 100 से अधिक महिलाओं का यौन शोषण किया है। हालाँकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इन आरोपों की अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और जाँच जारी है। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों और साक्ष्यों की निष्पक्ष जाँच के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार (24 जुलाई 2026) को जब पुलिस ब्लैकमेलिंग और उगाही के मामले में गिरफ्तार नर्स कमला को स्थानीय अदालत में पेश करने पहुँची, तब कोर्ट के बाहर नर्स ने डॉक्टर को 'नंबर वन रेपिस्ट' बताते हुए आरोप लगाया कि उसने वर्षों के दौरान 100 से अधिक महिलाओं का यौन शोषण किया है। नर्स का दावा है कि डॉक्टर ने अपने निजी अस्पताल में इलाज के लिए आने वाली कई महिला मरीजों के साथ भी दुष्कर्म किया। उसने यह भी आरोप लगाया कि कई महिलाओं ने पहले पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन डॉक्टर ने पैसे के दम पर उन मामलों को दबा दिया। नर्स ने यह भी कहा कि उसके खिलाफ दर्ज किया गया उगाही का मामला झूठा है और डॉक्टर पर लगाए गए आरोपों को दबाने के लिए यह पूरी साजिश रची गई है। उसने अस्पताल के दो अन्य कर्मचारियों पर भी डॉक्टर के लिए महिलाओं की व्यवस्था कराने में मदद करने का आरोप लगाया। पूरा मामला डॉक्टर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत से शुरू हुआ। डॉक्टर के मुताबिक, कमला दिसंबर 2016 से उसके निजी अस्पताल में नाइट शिफ्ट में नर्स के रूप में काम कर रही थी। शिकायत में कहा गया है कि नर्स चाय बनाने के बहाने अस्पताल की चौथी मंजिल पर बने डॉक्टर के निजी कमरे में आती-जाती थी। इसी दौरान उसने डॉक्टर के मोबाइल फोन से उनकी निजी तस्वीरें बिना जानकारी के अपने फोन में ट्रांसफर कर लीं। डॉक्टर का आरोप है कि इसके बाद नर्स ने उन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल करने, झूठे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने और जान से मरवा देने की धमकी देकर लगातार पैसे वसूले। अपनी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और अस्पताल की साख बचाने के लिए वह वर्षों तक उसे रकम देता रहा। शिकायत के अनुसार, नर्स ने वेतन के अलावा डॉक्टर से लगभग 2 करोड़ रुपए की उगाही की। पुलिस के अनुसार, डॉक्टर और अस्पताल के बैंक खातों से करीब 35 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए हैं। डॉक्टर ने यह भी आरोप लगाया कि नर्स ने उससे कई खाली चेक और कोरे स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर करवाए, जिन्हें उसने बैंक लॉकर में रख लिया। इन आरोपों की पुष्टि के लिए पुलिस बैंकिंग रिकॉर्ड और वित्तीय लेन-देन की जाँच कर रही है।

# नीट विवाद के बीच धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, लेकिन शिक्षा मंत्री की इन 2 लाइनों ने चौंकाया-पत्र में ऐसा क्या लिखा?

( यंग भारत न्यूज )

देश की सबसे बड़ी चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट-त्र को लेकर हफ़्तों से जारी देशव्यापी संग्राम अब अपने सबसे निर्णायक और चौंकाने वाले मोड़ पर पहुंच गया है। एक बेहद सनसनीखेज खबर ने देश के सियासी गलियारों से लेकर जंतर-मंतर पर डटे छात्रों के बीच हड़कंप मचा दिया है।

चौतरफा बढ़ते राजनीतिक और सामाजिक दबाव के आगे झुकते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री को अपना इस्तीफा भेजने की घोषणा करते हुए कहा कि देश के छात्रों के भविष्य, राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुए उन्होंने यह निर्णय लिया है। इस घटनाक्रम ने न सिर्फ सियासी गलियारों में हलचल बढ़ा दी है, बल्कि लाखों छात्रों और अभिभावकों के बीच भी नई बहस छेड़ दी है कि आखिर इस फैसले के पीछे सबसे बड़ी वजह क्या रही। नीट-त्र पेपर लीक विवाद के बाद देशभर में छात्रों का गुस्सा लगातार बढ़ता गया। दिल्ली के जंतर-मंतर से लेकर कई राज्यों के विश्वविद्यालयों और जिला मुख्यालयों तक विरोध प्रदर्शन देखने को मिले। छात्रों की मांग थी कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लगातार



बढ़ते दबाव ने इस मुद्दे को केवल परीक्षा तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि यह राष्ट्रीय राजनीतिक बहस का विषय बन गया। अपने विस्तृत संदेश में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि उन्होंने चार दशक से अधिक समय शिक्षा और छात्र हितों के लिए समर्पित होकर काम किया है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की आकांक्षाओं और उनके भविष्य का सम्मान करना हर जनप्रतिनिधि की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काम करने का अवसर मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रहित हमेशा उनके व्यक्तिगत पद से बड़ा रहा है। नीट-यूजी परीक्षा में सामने आई विसंगतियों के पहले ही दिन से शिक्षा मंत्रालय लगातार कटघरे में खड़ा था। इस बीच धर्मेंद्र प्रधान की तरफ से एक भावुक और बेहद गंभीर पत्र सामने आया है, जिसमें उन्होंने अपने चार दशकों के सार्वजनिक जीवन और छात्र-शिक्षक हितों के प्रति अपनी निष्ठा का हवाला दिया है। पत्र में केंद्रीय मंत्री ने स्वीकार किया कि 3 मई 2026 को आयोजित हुई परीक्षा में भारी अनियमितताएं पाई गई थीं, जिसके बाद सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तुरंत केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी थी। सरकार ने परीक्षा रद्द कर 21 जून 2026 को दोबारा परीक्षा भी आयोजित कराई, लेकिन छात्रों और विपक्ष का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा था। सवाल यह उठता है कि क्या परदे के पीछे सक्रिय 'परीक्षा माफिया' के सिंडिकेट ने व्यवस्था को इस कदर बेबस कर दिया कि देश के शिक्षा मंत्री को इतना बड़ा कदम उठाना पड़ा? धर्मेंद्र प्रधान द्वारा प्रधानमंत्री को भेजे गए इस त्यागपत्र में एक गहरा दर्द और आक्रोश साफ झलकता है। उन्होंने लिखा कि 16 जुलाई को घोषित हुए नीट-यूजी के परिणाम कई गरीब और मेधावी छात्रों के लिए संतोषजनक रहे, लेकिन कुछ जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्तियों ने जानबूझकर छात्रों को गुमराह करने और व्यवस्था में बाधा डालने की कोशिश की। पत्र की ये पंक्तियां इस बात की तरफ इशारा करती हैं कि सिस्टम के भीतर ही कोई बड़ा खेल चल रहा था, जिसने मंत्री को अंदर से झकझोर कर रख दिया। पिछले 10 दिनों से देश में जो अराजकता और भ्रम का माहौल बना, उसने इस फैसले की पृष्ठभूमि तैयार की। मंत्री ने अपने इस्तीफे के पीछे एक बेहद चौंकाने वाली और गंभीर वजह का उल्लेख किया है। उनके मुताबिक, जंतर-मंतर से लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में जो उग्र प्रदर्शन हो रहे हैं, उसका फायदा कुछ 'राष्ट्र विरोधी ताकतें' उठा सकती हैं, जिससे देश की एकता को खतरा हो सकता है। धर्मेंद्र प्रधान ने स्पष्ट किया कि वे नहीं चाहते कि देश की युवाशक्ति किसी कानूनी पेचीदगियों में उलझकर अपना करियर बर्बाद करे। इसी बड़ी राष्ट्रीय चिंता और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने अपना इस्तीफा माननीय प्रधानमंत्री को प्रेषित कर दिया है। अब देखना यह होगा कि क्या प्रधानमंत्री इस इस्तीफे को स्वीकार करते हैं, या फिर नीट के इस चक्रव्यूह को सुलझाने के लिए कोई नया मास्टरप्लान तैयार किया जाएगा। अपने पत्र में उन्होंने याद दिलाया

# उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए पाँचों गाँवों के चयनित

## छात्र-छात्राओं हेतु बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में एक दिवसीय प्रतियोगी कार्यशाला का सफल आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** भारत सरकार के उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा गोद लिए गए पाँचों गाँवों के उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों से प्रथम चरण में चयनित (स्क्रीन किए गए) छात्र-छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय के आगामी 31वें दीक्षांत समारोह के दृष्टिगत विश्वविद्यालय के सभागार में एक दिवसीय प्रतियोगी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के दिशानिर्देशन तथा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. मुकेश पांडे जी के आदेशानुसार आयोजित किया गया।



कार्यशाला के अंतर्गत प्रथम चरण में चयनित छात्र-छात्राओं के मध्य चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, कहानी कथन (स्टोरी टेलिंग) प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाओ विषय पर अभिनय सहित समूहगान तथा देशभक्ति गीत की प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उन्नत भारत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार बबेले ने बताया कि प्रतियोगिताओं को दो वर्गों में आयोजित किया गया। प्रथम वर्ग में कक्षा 3 से 5 तथा द्वितीय वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं के प्रमुख विषय 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', 'पर्यावरण संरक्षण', 'जल बचाओ-जल संरक्षण', 'स्वच्छ एवं सुंदर गाँव' तथा 'आत्मनिर्भर गाँव' रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पाँचों गाँव—कुरेठा (विकासखंड बामौर), सिकंदरा (विकासखंड मौठ), कोछाभंवर (झाँसी), दातारनगर-परवई (विकासखंड बड़ागाँव) तथा मडगवाँ (विकासखंड चिरगाँव)—के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। चित्रकला, कहानी कथन एवं भाषण प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सांकेतिक रूप से पुरस्कृत किया गया। इन विजेता प्रतिभागियों को आगामी 31वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाओ विषय पर समूहगान एवं अभिनय प्रस्तुत करने वाले 10 छात्र-छात्राओं तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत करने वाले चयनित छात्र-छात्राओं का भी आगामी दीक्षांत समारोह हेतु चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. एम. सिंह, डीन इंजीनियरिंग एवं उन्नत भारत अभियान के विशेषज्ञ की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन एवं मूल्यांकन में डॉ. यतींद्र मिश्र, डॉ. जितेंद्र कुमार बबेले, डॉ. अमिता कुशवाहा, डॉ. राधिका चौधरी, डॉ. श्वेता पांडे एवं डॉ. शिल्पा मिश्रा ने विशेषज्ञ के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतियोगिताओं के समापन उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में कुलसचिव श्री ज्ञानेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक श्री राजबहादुर सिंह यादव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के निदेशक प्रो. मुन्ना तिवारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, झाँसी की ओर से नामित सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी (नगर क्षेत्र) श्रीमती अंतिमद्ध सिंह, पाँचों गाँवों से आए शिक्षकगण तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में विजेता छात्र-छात्राओं को सांकेतिक पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में दातारनगर-परवई की प्रधानाध्यापिका श्रीमती अंजलि, सहायक अध्यापिका श्रीमती वंदना सिराथिया, श्रीमती मालती माथुर, श्री हरिश्चंद्र चंदेरिया, श्री बृजेश कुमार, श्री योगेंद्र सिंह सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के सहयोग से प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन संपन्न हुआ। समापन सत्र में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर समूहगान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण विषय पर प्रेरणादायक अभिनय एवं समूहगान प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. शिल्पा मिश्रा ने किया। अंत में उन्नत भारत अभियान, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी के नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार बबेले ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों, शिक्षकों, प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं सहयोगी विद्यालयों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लोकतंत्र एवं छात्रों की जीत - कुंवर सत्येंद्र पाल सिंह

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र पाल सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को देश के लोकतंत्र, छात्रों और युवाओं की ऐतिहासिक जीत बताया है। उन्होंने कहा कि जब देशभर के छात्र-युवा शांतिपूर्ण ढंग से अपने अधिकारों और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे थे, तब उनकी आवाज़ को दबाने का प्रयास किया गया। लेकिन अंततः लोकतांत्रिक जनदबाव के आगे सरकार को झुकना पड़ा।



उन्होंने कहा कि यह इस्तीफा केवल एक व्यक्ति के पद छोड़ने का मामला नहीं है, बल्कि यह संदेश है कि लोकतंत्र में जनता की आवाज़ सर्वोपरि होती है। छात्रों के संघर्ष, धैर्य और एकजुटता ने यह सिद्ध कर दिया कि संगठित एवं शांतिपूर्ण जनआंदोलन परिवर्तन ला सकते हैं। कुंवर सत्येंद्र पाल सिंह ने कहा कि अब सरकार को केवल इस्तीफे तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, पेपर लीक की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई, दोषियों को शीघ्र दंड तथा छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए व्यापक सुधार लागू करने चाहिए। उन्होंने सभी छात्र-युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखें और देश में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं जवाबदेह शिक्षा व्यवस्था के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ।

# कांवड़ यात्रा के दौरान अफवाह और फेक न्यूज फैलाना पड़ेगा भारी, सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर : मुख्यमंत्री

## कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्ट्रीट लाइट, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों

- कांवड़ यात्रा में हर श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता:- मुख्यमंत्री
- पूरे प्रदेश में एक जैसी हों कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाएं, कांवड़ संघों से सतत संवाद बनाए रखें:- मुख्यमंत्री
- सुव्यवस्थित कांवड़ यात्रा के लिए मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश
- ड्रोन, सीसीटीवी और पुलिस पेट्रोलिंग से रहेगी चौबीसों घंटे निगरानी, घाटों पर भी बढ़ेगी सुरक्षा
- अधिकारियों को मुख्यमंत्री का निर्देश, जनप्रतिनिधियों से नियमित संवाद रखें, राजस्व वादों का समयबद्ध निस्तारण करें
- चकबंदी विवाद सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का कारण न बनें, मेरिट के आधार पर हो समाधान
- बोले मुख्यमंत्री, कोटेदारों का उत्पीड़न और ओवर बिलिंग स्वीकार नहीं, भ्रष्टाचार पर होगी विजिलेंस जांच



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी श्रावण मास, कांवड़ यात्रा और विभिन्न पर्वों के दृष्टिगत अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि आस्था के इस महापर्व में प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। कांवड़ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था, यातायात, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा और जनसुविधाओं की ऐसी व्यवस्था दिखाई देनी चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सौहार्द बिगाड़ने, अफवाह फैलाने, मिलावट, ओवररेटिंग, अव्यवस्था या अराजकता पैदा करने का प्रयास करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए और प्रशासन पूरे आयोजन के दौरान पूरी सजगता तथा संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। इन्हीं व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए शुक्रवार देर शाम मा0 मुख्यमंत्री जी ने शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्तों, मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों से संवाद करते हुए उन्होंने श्रावण मास के दौरान आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा, श्रावणी शिवरात्रि, चेहल्लुम, स्वतंत्रता दिवस, बरावफात और रक्षाबंधन को लेकर कानून व्यवस्था, सुरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, यातायात, आपदा प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में अपर मुख्य सचिव, गृह ने तैयारियों की जानकारी दी, जबकि मण्डलायुक्त मेरठ और एडीजी जोन मेरठ ने कांवड़ यात्रा प्रबंधन का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। मा0 मुख्यमंत्री जी ने मेरठ जोन की तैयारियों और कार्ययोजना को प्रदेश के अन्य सभी पुलिस जोनों के साथ साझा करने के निर्देश दिए, ताकि पूरे प्रदेश में एक समान और प्रभावी व्यवस्था लागू की जा सके। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कांवड़ यात्रा अब प्रदेश के किसी एक हिस्से तक सीमित आयोजन नहीं रह गई है। रुहेलखंड, ब्रज, बुंदेलखंड, अवध, पूर्वांचल और पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश में लाखों श्रद्धालु इसमें भाग लेते हैं। ऐसे में प्रत्येक जनपद में व्यवस्थाओं का स्तर समान होना चाहिए। स्थानीय प्रशासन कांवड़ संघों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखे, शिविर संचालकों का सत्यापन समय से पूरा करे और सभी तैयारियों की अग्रिम समीक्षा कर किसी भी प्रकार की कमी को पहले ही दूर कर लिया जाए। कांवड़ की निर्धारित ऊंचाई का पालन सुनिश्चित कराने के लिए हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तराखंड के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तथा वहां के कांवड़ संघों से भी नियमित संवाद रखा जाए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप पूरी तरह तैयार होने चाहिए। जहां कहीं सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, उनकी मरम्मत तत्काल पूरी कराई जाए। मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। स्वास्थ्य विभाग पूरी तैयारी के साथ रहे। चिकित्सा शिविर प्रभावी ढंग से संचालित हों तथा एंटी वेनम और एंटी रैबीज इंजेक्शन सहित आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रमुख घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाए जाएं तथा सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से भजन-संगीत के साथ आवश्यक सूचनाओं का नियमित प्रसारण किया जाए। मा0 मुख्यमंत्री जी ने खाद्य सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांस एवं मदिरा की दुकानें बंद रखी जाएं। खाद्य पदार्थों में मिलावट, गंदगी और ओवररेटिंग की शिकायत किसी भी दशा में नहीं मिलनी चाहिए।

अधिकारी नियमित निरीक्षण करें और दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करें। प्रत्येक दुकान पर संचालक का नाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित रहे। डीजे की ध्वनि निर्धारित मानकों के अनुरूप हो तथा कानफोड़ू आवाज किसी भी परिस्थिति में स्वीकार न की जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से सतत निगरानी रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक और फर्जी सूचनाओं का तत्काल खंडन किया जाए तथा अफवाह फैलाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मा0 मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा कि प्रदेश की कुछ नदियों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। ऐसे में घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। संभावित बाढ़ और कटान वाले क्षेत्रों में पहले से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रहें तथा स्थानीय प्रशासन लगातार निगरानी बनाए रखे। वीआईपी आवागमन से जुड़े कार्यक्रमों की पूर्व जानकारी उपलब्ध रहे, जिससे आम श्रद्धालुओं की आवाजाही प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों के साथ सतत संवाद बनाए रखने को कहा। अगले दो से तीन दिनों के भीतर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समसामयिक विषयों और शासन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की जाए तथा उनके सुझावों के अनुरूप स्थानीय स्तर पर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए। बैठक में प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करते हुए मा0 मुख्यमंत्री जी ने राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि चकबंदी से जुड़ी जनसमस्याओं का समाधान पूरी निष्पक्षता और मेरिट के आधार पर किया जाए। ऐसे विवाद किसी भी स्थिति में सामाजिक सौहार्द प्रभावित करने का कारण नहीं बनने चाहिए। उन्होंने कुछ जनपदों से कोटेदारों के उत्पीड़न की प्राप्त शिकायतों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला पूर्ति अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करें। यदि किसी अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है तो तत्काल निलंबन के साथ खुली विजिलेंस जांच कराकर विधिक और विभागीय कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने पावर कॉरपोरेशन के सभी डिस्कॉम को ओवर बिलिंग की शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश देते हुए कहा कि तकनीकी खामियों का बोझ आम उपभोक्ता पर नहीं पड़ना चाहिए। प्रत्येक उपभोक्ता से उसके वास्तविक विद्युत उपभोग के अनुरूप ही बिजली का बिल लिया जाए और इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर झांसी एनआईसी में मंडलायुक्त श्री बिमल कुमार दुबे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बीबीजीटीएस मूर्ति, नगर आयुक्त श्रीमती आकांक्षा राणा, एडीएम प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल, एडीएम वित्त एवं राजस्व श्रीमती पल्लवी मिश्रा, एडीएम न्याय श्री अरुण कुमार गौड़, डीडीओ श्री राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शाकिर हुसैन ने 3 महीने तक माँ-बेटी को बनाया बंधक, बार-बार रेप कर किया प्रेग्नेंट

## मुस्लिम बनने का बनाया दबाव, बदायूँ कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा

( यंग भारत न्यूज )



बदायूँ कोर्ट ने शाकिर हुसैन को महिला से रेप, नाबालिग बेटी को बंधक बनाने और धर्मांतरण के दबाव के मामले में 10 साल की सजा दी। जानिए पूरा फैसला। उत्तर प्रदेश के बदायूँ में बेटे के इलाज का दावा कर एक परिवार का भरोसा जीतने वाले मौलाना शाकिर हुसैन को अदालत ने एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी को अगवा कर तीन महीने तक बंधक बनाकर रखने, महिला से बार-बार दुष्कर्म करने और दोनों पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के मामले में दोषी ठहराया है। विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट (महिलाओं के विरुद्ध अपराध) की न्यायाधीश नेहा गर्ग ने दोषी को विभिन्न धाराओं में 10 वर्ष की सजा सुनाई है। यह बदायूँ में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत सजा का पहला मामला है। अदालत ने 20 जुलाई 2026 को सुनाए गए अपने फैसले में शाकिर हुसैन को धर्मांतरण कानून के तहत 5 वर्ष के कठोर कारावास और ?50,000 जुर्माने की सजा दी। इसके अलावा अपहरण, अवैध बंधक बनाकर रखने, दुष्कर्म और अन्य अपराधों में भी उसे दोषी ठहराया गया। दुष्कर्म के मामले में उसे 10 वर्ष के कठोर कारावास और ?50,000 जुर्माने की सजा सुनाई गई। अदालत ने निर्देश दिया कि सभी सजाएँ साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। मामले के अनुसार, पीड़िता 21 मार्च 2025 की सुबह करीब 9 बजे अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ घर से निकली थीं। इसके बाद दोनों वापस नहीं लौटीं। परिवार ने कई दिनों तक दोनों की तलाश की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। इसके बाद 27 मार्च 2025 को पीड़िता के पति ने बिल्सी थाने में पत्नी और बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद भी वह खुद दोनों की तलाश करते रहे। तलाश के दौरान उन्हें शक हुआ कि गाँव गढ़ी रिसौली का रहने वाला शाकिर हुसैन मौलाना उनकी पत्नी और बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इसी आधार पर उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। इसके बाद 27 मई 2025 को शाकिर हुसैन के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पीड़िता और उनकी बेटी के अनुसार, परिवार का सबसे बड़ा बेटा राजकुमार मंदबुद्धि थ और उसके इलाज के लिए उन्होंने कई डॉक्टरों को दिखाया था लेकिन कोई खास फायदा नहीं हुआ। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि रिसौली में शाकिर हुसैन नाम का एक मौलवी इलाज करता है। इसके बाद महिला अपने बेटे को लेकर उसके पास गईं। इलाज के बहाने शाकिर हुसैन का उनके घर आना-जाना शुरू हो गया और इसी दौरान उसने परिवार का विश्वास जीत लिया। 21 मार्च 2025 को जब पीड़िता अपनी बेटी के साथ मायके जाने के लिए निकलीं तब रास्ते में बिसौली मोड़ पर शाकिर हुसैन मिला। आरोप है कि उसने दोनों को बहला-फुसलाकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाया और सीधे कासगंज जिले के सिढ़पुरा ले गया। अभियोजन और पीड़िता के बयान के अनुसार, सिढ़पुरा पहुँचने के बाद शाकिर हुसैन ने माँ-बेटी को एक घर में बंद कर दिया। इसके बाद उसने पीड़िता पर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। पीड़िता ने अदालत को बताया कि शाकिर ने कई बार उसके साथ रेप किया। जब उसने विरोध किया तो शाकिर ने उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, करीब तीन महीने तक दोनों को उसी घर में बंद रखा गया। इस दौरान उन्हें जबरन नमाज पढ़ाई जाती थी। बेटी को शाकिर को 'अब्बू' और माँ को 'अम्मी' कहने के लिए मजबूर किया जाता था। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट तक की जाती थी। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसके हाथ पर उसका और उसके भाई का नाम गुदा हुआ था। शाकिर ने उस टैटू को मिटाने के लिए उस पर जहरीली दवा लगा दी और इससे हाथ की खाल उधड़ गई और वहाँ घाव हो गया।

# झांसी के आधारभूत ढांचे को मिलेगी नई मजबूती: 63 करोड़ की दो प्रमुख सड़क परियोजनाओं का हुआ भूमिपूजन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** झांसी विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) द्वारा शहर एवं आसपास के क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आधुनिक बनाने की दिशा में शनिवार को दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का भूमिपूजन संपन्न हुआ, इनमें रिसाला चुंगी-ओरछा तिराहा मार्ग तथा ग्राम बूढ़ा-ग्राम बेहटा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल हैं, जिन पर कुल लगभग ?63 करोड़ की लागत से कार्य कराया जाएगा।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सांसद झांसी-ललितपुर पं. अनुराग शर्मा रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय महापौर झांसी नगर निगम श्री बिहारी लाल आर्य ने की। भूमिपूजन समारोह में मा. विधायक सदर श्री रवि शर्मा, मा. विधायक मऊरानीपुर डॉ. रश्मि आर्य, मा. जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन गौतम, भारतीय जनता पार्टी झांसी महानगर के जिलाध्यक्ष श्री सुधीर सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्री हेमंत परिहार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भूमिपूजन के दौरान अतिथियों ने परियोजनाओं को झांसी के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल बताते हुए कहा कि इन सड़कों के विकसित होने से शहर की यातायात व्यवस्था अधिक व्यवस्थित होगी तथा धार्मिक, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। रिसाला चुंगी से ओरछा तिराहा तक लगभग 5.90 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण लगभग ?26 करोड़ की लागत से कराया जाएगा, जबकि ग्राम बूढ़ा से ग्राम बेहटा तक लगभग 7.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण लगभग ?37 करोड़ की लागत से किया जाएगा। दोनों मार्ग मध्य प्रदेश की सीमा से जुड़ने वाले महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग हैं, जिन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों का आवागमन होता है। सड़क चौड़ीकरण के उपरांत यातायात अधिक सुरक्षित एवं सुगम होगा, जाम की समस्या में कमी आएगी तथा हजारों लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना के अंतर्गत निर्धारित मानकों के अनुरूप सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, प्रभावी जल निकासी व्यवस्था, नालियों एवं पुलियों का निर्माण, सड़क सुरक्षा हेतु साइन बोर्ड तथा अन्य आवश्यक सहायक कार्य कराए जाएंगे। निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए झांसी विकास प्राधिकरण द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। झांसी विकास प्राधिकरण ने कहा कि शहर के समग्र, संतुलित एवं नियोजित विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण आधारभूत सुविधाओं का विकास उसकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। यह परियोजना भविष्य में झांसी की यातायात व्यवस्था को अधिक सक्षम, सुरक्षित एवं सुगम बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी झांसी श्री गौरांग राठी, झांसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री हिमांशु गौतम, सचिव, नगर नियोजक, अधिशासी अभियंता तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718